# क्वीन्स (Queens)

डिस्ट्रिक्ट 19–32, 34

जल्दी मतदान
28 अक्टूबर से 5 नवंबर

चुनाव का दिन
7 नवंबर

# 2023 nyc सामान्य चुनाव मतदाता मार्गदर्शिका

मतदान करना हुआ आसान
nycvotes.org/hi

NYC VOTES
न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड की एक पहल

# 2023 NYC मतदाता मार्गदर्शिका!

**आपको यह मतदाता मार्गदर्शिका मिल रही है क्योंकि आप कंज़र्वेटिव, डैमोक्रेटिक या रिपब्लिकन पार्टी में एक पंजीकृत मतदाता हैं। अपने डिस्ट्रिक्ट में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की सबसे अद्यतन सूची देखने के लिए hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

### मैं कब मतदान करने वाला/वाली हूँ?

- सामान्य चुनाव मंगलवार, 7 नवंबर के दिन है।
- आप शनिवार, 28 अक्तूबर से रविवार, 5 नवंबर तक जल्दी मतदान कर सकते हैं। सोमवार, 6 नवंबर को जल्दी मतदान नहीं है।

### मैं किसलिए मतदान कर रहा/रही हूँ?

पद

- नगर परिषद
- डिस्ट्रिक्ट एटर्नी ब्रॉंक्स ((Bronx), क्वीन्स (Queens), स्टेटन आईलैंड (Staten Island))
- स्टेट सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश (मैनहेटन (Manhattan), ब्रॉंक्स, क्वीन्स, ब्रुकलिन (Brooklyn))
- सिविल कोर्ट जज
- सरोगेट्स कोर्ट (ब्रुकलिन)
- मतपत्र प्रस्ताव

आप कहाँ रहते हैं उसके आधार पर आपके मतपत्र पर पद अलग-अलग हो सकते हैं। अपना मतपत्र vote.nyc/page/find-your-poll-site पर देखें।

**nycvotes.org/hi पर और जानें!**

## चुनाव की तिथियाँ और अंतिम तिथियाँ

| | |
|---|---|
| **23 अक्तूबर** | **अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की अंतिम तिथि** (ऑनलाइन या डाक द्वारा)<br>*अगर आप डाक द्वारा अपनी अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग भेजते/भेजती हैं, तो चुनाव बोर्ड को यह इस तिथि तक मिल जानी चाहिए। |
| **28 अक्तूबर** | **मतदाता रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि**<br>**जल्दी मतदान शुरू होता है** |
| **5 नवंबर** | **जल्दी मतदान खत्म होता है** |
| **6 नवंबर** | **अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की अंतिम तिथि** (व्यक्तिगत रूप से चुनाव बोर्ड के कार्यालय में) |
| **7 नवंबर** | **सामान्य चुनाव का दिन (सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक)**<br>**आपके अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र पर पोस्टमार्क का अंकन करवाने या उसे मतदान स्थल पर छोड़ने की अंतिम तिथि** |

## विषय सूची


3 मतदान कैसे करें
4 आपके मतदान स्थल पर क्या अपेक्षा करें
5 एक मतदाता के रूप में मेरे अधिकार क्या हैं?
6 पहुंच
7 नमूना मतपत्र
8 निर्वाचित अधिकारी क्या करते हैं?
9 नगर परिषद के बारे में
11 मतपत्र पर उम्मीदवार
58 मतपत्र प्रस्ताव
61 NYC Votes के बारे में
62 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
64 चुनाव बोर्ड से संपर्क करें

# मतदान कैसे करें

## मतदान स्थल और मतदान के घंटे

**अपना मतदान स्थल और मतदान के घंटे खोजें:**

- **nycvotes.org/hi** पर जाएं।
- NYC चुनाव बोर्ड को 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर या TTY 212-487- 5496 पर कॉल करें।

## चुनाव का दिन

मतदान चुनाव का दिन, 7 नवंबर को सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक खुला है। आपको अपने निर्दिष्ट मतदान स्थल पर मतदान करना होगा।

**मतदान स्थल के स्थान बदल सकते हैं, इसलिए जाने से पहले ज़रूर जाँच लें!**

## जल्दी मतदान

**आप चुनाव का दिन से पहले व्यक्तिगत रूप से जल्दी मतदान कर सकते/सकती हैं!**

**यह जानें**

- आपके पास एक निर्दिष्ट जल्दी मतदान स्थल है, जो संभवतः आपके चुनाव का दिन के मतदान स्थल से अलग होगा।
- हर दिन घंटे अलग-अलग होते हैं, इसलिए अपने मतदान स्थल को जाँच लें के जाने से पहले उनके घंटों की पुष्टि कर लें।

**जल्दी मतदान की तिथियाँ**

शनिवार, 28 अक्तूबर से रविवार, 5 नवंबर तक।

## डाक द्वारा मतदान

**अगर आपके पास कोई वैध कारण हो जैसे कि चुनाव का दिन न्यूयॉर्क से दूर होना या कोई बीमारी या शारीरिक अक्षमता का होना, तो आप एक अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग कर सकते/सकती हैं।**

**23 अक्तूबर आपके मतपत्र की ऑनलाइन माँग करने या चुनाव बोर्ड को डाक द्वारा आपकी माँग मिलने की अंतिम तिथि है।**

**अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग केवल तभी करें अगर आपकी डाक द्वारा मतदान करने की योजना हो। अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के बाद, अगर आप व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चुनें, तो आपको अपने मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र से मतदान करना होगा।**

**अपने अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र का अनुरोध करने का तरीका:**

- **nycabsentee.com** पर जाएं।
- NYC चुनाव बोर्ड को 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर या श्रवण बाधित लोगों के लिए TTY 212-487-5496 पर कॉल करें।
- अपने स्थानीय NYC चुनाव बोर्ड कार्यालय में जाएं। व्यक्तिगत रूप से अपनी माँग जमा करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर है।

**अगर आप दृष्टिबाधित हैं या आपको कोई अक्षमता है**

अपना मतपत्र किसी स्क्रीन रीडर द्वारा पढ़ कर सुनाया जाने के लिए आप एक पहुँचक्षम अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र की **nycabsentee.com/accessibility** पर या ऊपर दिए नंबर पर कॉल करके माँग कर सकते/सकती हैं।

**अपने मतपत्र को ट्रैक करें**

आप NYC चुनाव बोर्ड से अपने मतपत्र को **nycabsentee.com/tracking** पर ट्रैक कर सकते/सकती हैं।

# आपके मतदान स्थल पर क्या अपेक्षा करें

## पहुंचने पर चेकइन करें

जब आप वहाँ प्रवेश करेंगे/करेंगी, तब एक चुनाव कर्मी आपको दिखाएगा कि आपको कहाँ साइन इन करना है। वे रजिस्टर्ड मतदाताओं की एक सूची में आपको खोजेंगे और आपको मतपत्र देने से पहले आपके हस्ताक्षर की जाँच करेंगे।

**प्रो टिप: अगर आपको चुनाव बोर्ड से डाक में फास्ट पास मिला हो, तो तेज़ चेकइन के लिए इसे अपने साथ लाएं!**

*अगर आप कोई पहली बार मतदान करने वाला रहे ऐसे मतदाता न हों, जिसने मतदान के लिए रजिस्टर करते वक्त DMV या सोशल सिक्योरिटी नंबर न दिया हो, तो मतदान करने के लिए आपको पहचान पत्र दिखाने की ज़रूरत नहीं है।

## अपना मतपत्र भरें

अपने मतपत्र को अपनी पसंद के नाम के पास बनी अण्डाकार आकृति को पूरा भर कर चिह्नित करें।

अगर आप गलती कर दें या अगर आपको अपने मतपत्र के बारे में कोई प्रश्न हो, तो किसी चुनाव कर्मी से मदद माँगें।!

*अपने मतपत्र के दोनों तरफ जाँचना याद रखें, ताकि आप से कुछ छूट न जाए।

## अपना मतपत्र स्कैन करें

एक बार आपने अपना मतपत्र भर लिया हो, तो एक चुनाव कर्मी आपके मतपत्र को स्कैनर में डालने में आपकी मदद करेगा। जब आपका मत अंदर चला जाएगा, तो स्कैनर आपको बताएगा।

## अपना स्टिकर पाएं

अपना स्टिकर ले लें! उसे लगाएं, सब को दिखाएं, और सुनिश्चित करें कि आपके दोस्त और रिश्तेदारों की भी मतदान करने की योजना हो।

# मतदाता के रूप में मेरे क्या अधिकार हैं?

## आम चुनाव में आपको मतदान का अधिकार है अगर:

- आप एक रजिस्टर्ड मतदाता हैं।
- मतदान स्थल के बंद होने के समय से पहले आप वहाँ पर कतार में हों।

## किसी भी चुनाव में, आपको यह अधिकार है:

- अगर आपको भाषा सहायता की ज़रूरत हो, तो किसी चुनाव कर्मी से मदद या अनुवादक की माँग करें। अनुवादक के बारे में अधिक जानकारी के लिए 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर कॉल करें या श्रवण बाधित लोगों के लिए टीटीवाय 212-487-5496।
- मतदान में आपकी मदद करने के लिए किसी को साथ लाएं (आपके नियोक्ता या यूनियन प्रतिनिधि को छोड़ कर)।
- अपने साथ इस मतदाता मार्गदर्शिका सहित सामग्री लाएं।
- वोटिंग मशीन खराब हो गई हो, तब भी मतदान करें।
- अगर आपके मतदान स्थल पर आपका नाम मतदाता सूची में न हो, तो शपथ पत्र मतपत्र द्वारा मतदान करें।
- सुलभ मतदान स्थल ऐसा स्थान होता है, जहाँ कोई भौतिक अवरोध न हों।
- अपना मतपत्र देना के लिए ऐक्सेसिबल वोटिंग मशीन इस्तेमाल करें।
- आपकी क्षमता या अक्षमता को ध्यान में लिए बगैर मतदान करें।

## छोटे या बड़े अपराध के लिए दोषी पाए गए लोगों के लिए मतदान के अधिकार:

- खराब आचरण (मिसडिमीनर) और उल्लंघन (वायोलेशन) के लिए अपराधी ठहराये जाने से आप को मतदान करने से रोका नहीं जा सकता, आप जेल में सज़ा काट रहे हों तब भी नहीं।
- अगर आप इस वक्त किसी बड़े अपराध के लिए कारावास में हैं, तो आप मतदान के लिए पात्र नहीं हैं। हालाँकि, अगर आपको किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो और आपकी सज़ा निलंबित हो, तो आप मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप अपराध के लिए दोषी ठहराए गए हों और जेल से छूट गए हों, तो आप मतदान कर सकते हैं। तथापि, आपको मतदान के लिए रजिस्टर करें करना होगा।
- अगर आप इस वक्त प्रोबेशन या पेरोल पर हों, तो आप मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप इस वक्त खराब आचरण के लिए जेल में हों या मुकद्दमे का इंतज़ार कर रहे हों, तो आप मतदान कर सकते हैं।

## आपको सहायता की ज़रूरत हो तो किससे संपर्क करें:

- अगर आपके मतदान स्थल पर कोई समस्या हो, तो किसी मतदान कर्मी को बताएं या NYC चुनाव बोर्ड से 866-VOTE-NYC (866-868-3692) या टीटीवाय 212-487-5496 पर संपर्क करें।
- अगर आपके अधिकारों का उल्लंघन किया गया हो, तो चुनाव संरक्षण हॉटलाइन 866-OUR-VOTE (866-687-8683) पर कॉल करें और एक प्रशिक्षित चुनाव संरक्षण स्वयंसेवक से बात करके निःशुल्क कानूनी सहायता पाएं
- (866) 390-2992 पर कॉल कर के या **ag.ny.gov/election-hotline** पर जा कर अपनी शिकायत को न्यूयॉर्क एटर्नी जनरल से साझा करें।

# पहुंच

**न्यूयॉर्क के हर मतदाता को निजी और स्वतंत्र रूप से मतपत्र करने का देना है। अगर आपको अक्षमता या सीमित अंग्रेजी दक्षता के कारण अपना मतपत्र भरने में सहायता की आवश्यकता है, तो सहायता उपलब्ध है।**

## सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र

अगर आप दृष्टि बाधित हैं या किसी कागज़ी मतपत्र को चिह्नित नहीं कर सकते हैं, तब भी आप डाक से मतदान कर सकते हैं। आप लिए सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग कर सकते/सकती हैं, जिसे स्क्रीन रीडर द्वारा पढ़ा जा सकता है और कंप्यूटर का इस्तेमाल करके भरा जा सकता है। अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के लिए, यहाँ जाएं: **nycabsentee.com/accessibility** या 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर कॉल करें या श्रवणबाधित लोगों के लिए TTY 212-487-5496।

## भाषा और दुभाषिया सेवाएं

शहर भर के कई मतदान स्थलों पर अनुवादक उपलब्ध हैं। आपको अपने मतपत्र को समझने और भरने में मदद करने के लिए परिवार के सदस्य, दोस्त या अनुवादक सहित किसी व्यक्ति को अपने साथ रखने का अधिकार है।

कौन से मतदान स्थल दुभाषिया प्रदान करते हैं, यह आप **vote.nyc** पर जान सकते हैं। आप 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर भी कॉल कर सकते हैं।

## मतपत्र मार्किंग डिवाइस

**अंध, दृष्टिबाधित या फिर ऐसी अक्षमता या स्थिति वाले मतदाता, जिनके लिए पेन से मतपत्र को चिह्नित करना मुश्किल या असंभव हो, उनके सहित, मतदाताओं को बेहतर पहुंच देने के लिए मतदान स्थलों पर मतपत्र के लिए मार्किंग डिवाइस या बैलट मार्किंग डिवाइस (BMD) उपलब्ध हैं।**

अगर आप एक BMD इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो चुनाव कर्मी से कहें! आप इसे मतपत्र को एक स्क्रीन पर देखने के लिए, उसे अतिरिक्त भाषाओं में अनुवादित करने के लिए, या अपने चयनों को हेडफोन से सुनने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

## डिवाइस आपके मतपत्र को चिह्नित करने के चार तरीके प्रदान करता है:


**टच स्क्रीन**


**कीपैड (ब्रेल)**


**सिप एंड पफ डिवाइस**


**रॉकर पैडल**

- आप टेक्स्ट को बड़ा करने के लिए "ZOOM IN" (ज़ूम इन) कर सकते हैं, टेक्स्ट को फिर मूल साइज़ पर लाने के लिए "ZOOM OUT" (ज़ूम आउट) या फिर मतपत्र को काली पृष्ठ भूमि में सफेद लिखावट में दिखाने के लिए "HIGH CONTRAST" (हाई कंट्रास्ट) चुन सकते हैं।
- आप हेडफ़ोन पर ऑडियो को दोहरा सकते हैं या फिर उसकी गति और वॉल्यूम को समायोजित कर सकते हैं।
- याद रखिए! जब तक आप अपने चिह्नित मतपत्र को स्कैनर में डाल कर अपना मत नहीं देते हैं, आपके चयन अंतिम नहीं हैं।
- अगर आपको अपना मतपत्र स्कैनर में डालने में सहायता की ज़रूरत हो, तो चुनाव कर्मी आपकी मदद करेगा।

# नमूना मतपत्र

नीचे दिया नमूना मतपत्र केवल देखने के लिए है। यह आपका वास्तविक मतपत्र नहीं है और इसे भरना आपके मत के रूप में नहीं गिना जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **City Council** | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |
| **District Attorney** Bronx, Queens, Staten Island | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |
| **State Supreme Court** Manhattan, Bronx, Queens, Brooklyn | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |
| **Civil Court Judges** | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |
| **Surrogate's Court** Brooklyn | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |

## मेरे शीर्ष चयन

इस पृष्ठ को नगर परिषद के लिए अपनी पसंदों को सूचीबद्ध करने के लिए इस्तेमाल करें। आप अपना मतपत्र भरते वक्त संदर्भ के रूप में देखने के लिए इसे अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ला सकते हैं।

### नगर परिषद

### मतपत्र प्रस्ताव

प्रस्ताव 1

प्रस्ताव 2

**याद दिला दें! आपकी पार्टी और आप जहाँ रहते हैं उसके आधार पर आपके मतपत्र पर अतिरिक्त पद हो सकते हैं।**

आप चुनाव बोर्ड से मतपत्र के नमूने का प्रीव्यू **findmypollsite.vote.nyc** पर देख सकते हैं।

# निर्वाचित अधिकारी क्या करते हैं?

हमारे निर्वाचित अधिकारी हररोज़ ऐसे निर्णय लेते हैं, जो नौकरियों, हाउसिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अधिक को प्रभावित करते हैं। अपने मतपत्र पर मौजूद पदों के बारे में और जानें।

**अपने डिस्ट्रिक्ट में उम्मीदवारों की सबसे अद्यतन सूची देखने के लिए hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

## नगर के पद

### नगर परिषद

नगर परिषद न्यूयॉर्क सिटी की सरकार की विधेयक या कानून बनाने वाली शाखा है। इसके 51 सदस्य हैं। परिषद सदस्य आम तौर पर 4 साल तक सेवा करते हैं (लगातार 2 अवधियों तक)।

2020 की जनगणना के बाद, नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट का आबादी में हुए परिवर्तनों के समायोजन के लिए पुनर्गठन किया गया था। इस प्रक्रिया के कारण, 2021 और 2023 में निर्वाचित परिषद सदस्य नव-निर्मित डिस्ट्रिक्ट्स में 2 सालों की अवधि तक सेवा करेंगे। 2025 में फिर से 4 सालों की अवधि हो जाएगी।

- विधेयकों को प्रस्तुत करना और उन पर मतदान करना।
- शहर के बजट के बारे में चर्चा करना और उसे स्वीकृति देना।
- शहर की एजेन्सियों की देखरेख करना।
- हमारे शहर की वृद्धि और विकास के बारे में निर्णय लेना।
- अपने संघटक के लिए सहायता प्रदान करना।

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## काउंटी पद

### डिस्ट्रिक्ट एटर्नी

डिस्ट्रिक्ट एटर्नी  अपनी काउंटी का सब से बड़ा वकील होता है। वह 4 सालों तक सेवा करते हैं। अवधि की कोई सीमा नहीं है।

- इसका निर्णय लेना कि किन मामलों में मुकद्दमा चलाना है (और किनमें नहीं)।
- सभी आपराधिक मुकद्दमों की देखरेख करना।
- आपराधिक व्यवहार की जाँच करना और उस पर मुकद्दमा चलाना।

## न्यायाधीश

### स्टेट का सुप्रीम कोर्ट (State Supreme Court)

स्टेट सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश अपनी काउंटियों में बड़े अपराधों और दीवानी मामलों की देखरेख करते हैं। सुप्रीम कोर्ट न्यूयॉर्क राज्य का ट्रायल कोर्ट है; कोर्ट ऑफ़ अपील्स उच्चतम न्यायालय है। वे 14 साल की अवधि तक सेवारत रहते हैं।

- तलाक, अलग होने और (शादी को) रद्द करने की कार्रवाइयों की अध्यक्षता करता है।
- बड़े अपराधों (जिसके लिए एक साल से अधिक की सज़ा दी जा सकती है) का आपराधिक अभियोजन करते हैं।
- ठेके और हानि के दावों सहित दीवानी मामलों पर निर्णय लेते हैं।

### सिविल कोर्ट (Civil Court) – काउंटी और डिस्ट्रिक्ट

सिविल कोर्ट जज काउंटी या डिस्ट्रिक्ट पर संचालन कर सकते हैं, इसलिए हो सकता है कि आप अपने मतपत्र पर एक से ज़्यादा सिविल कोर्ट जज को देखें। न्यायाधीशों को 10 साल की अवधि के लिए निर्वाचित किया जाता है और वे इसके सहित मामलों की सुनवाई करते हैं:

- $ 50,000 तक के नागरिक मामले।
- मकान मालिक किरायेदारों के मामले और हाउसिंग मानकों के रखरखाव से जुड़े मामले।
- दुर्व्यवहार पर आपराधिक मुकद्दमा।

### सरोगेट की अदालत (Surrogate's Court)

सरोगेट कोर्ट जज काउंटी के निवासियों की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति के केस सुनते हैं। वे 14 साल की अवधि तक सेवारत रहते हैं और इसके सहित मामलों को सुन सकते हैं:

- मृतकों का कारोबार जैसे कि वसीयत और संपत्ति का प्रशासन।
- गोद लेना।
- अभिभावक के रूप में कार्य।

## नगर परिषद सदस्य की ज़िंदगी में एक दिन

### नगर परिषद सदस्य आपके लिए क्या करते हैं?


- हाउसिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और अधिक मुद्दों के बारे में विधेयक बनाना और उन पर मतदान करना। परिषद सदस्य बढ़ती आयु से लेकर युवाओं के लिए सेवाओं तक के विषयों पर समितियों का हिस्सा भी बन सकते हैं।
- मेयर के साथ मिलकर नगर के ~$107 बिलियन के बजट का निर्माण करते हैं और उसे स्वीकृति देते हैं। प्रत्येक परिषद सदस्य अपने डिस्ट्रिक्ट में स्कूल बनाने और सुधार करने के लिए ~$5 मिलियन के बजट का प्रबंधन भी करता है और लाभ-निरपेक्ष संस्थानों की सहायता के लिए उनके पास ~$500,000 का अतिरिक्त बजट होता है।
- न्यूयॉर्क निवासियों को सेवा प्रदान करने वाली नगर की एजेन्सियों की देखरेख करना जिसमें न्यूयॉर्क शहर पुलिस विभाग और न्यूयॉर्क शहर शिक्षा विभाग भी शामिल हैं।
- पूरे शहर में निर्माण और ज़मीन के इस्तेमाल को निर्धारित करना, जिसमें संपत्ति के मालिकों के लिए ज़ोनिंग की देखरेख, सीमाचिह्न रूप स्थानों का संरक्षण और शहर की ज़मीन और सार्वजनिक सुविधाओं का प्रबंधन शामिल हैं।
- आपके जैसे संघटक की सहायता करना। परिषद सदस्य और उनके पद आपकी टैक्स प्रेपरेशन, किफायती हाउसिंग, पेड़ लगाना, गंदे फुटपाथ, सड़कों पर गड्ढे, पैदल चलने वालों की सुरक्षा और अधिक चीज़ों में आपकी मदद कर सकते हैं। अगर आपको सहायता की ज़रूरत हो, तो अपने परिषद सदस्य से संपर्क करें!

## न्यूयॉर्क नगर परिषद नक्शा

- NYC के 51 नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट हैं
- हरेक डिस्ट्रिक्ट में ~172,000 मतदाता रहते हैं।
- नगर परिषद NYC के ~$107 बिलियन के बजट को स्वीकृति देती है

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें**

**findmypollsite.vote.nyc**



# अपने मतपत्र की योजना बनाएं

अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot** पर जाएं

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 19

**डैमोक्रेटिक, करदाता एक हों**

- टोनी अवेला (Tony Avella) ✓

**रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स**

- विकी पैलेडिनो (Vickie Paladino) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## टोनी अवेला (Tony Avella) ✓

डैमोक्रेटिक, करदाता एक हों

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. नफरत के अपराधों सहित अपराध को कम करना
2. एक-दो पारिवारिक घरों को बचाना
3. कॉलेज पॉइंट की सड़कों को तत्काल फिर से पक्का करना

***"शहर/राज्य सरकार में मेरा पूर्व अनुभव और नॉर्थईस्ट क्वीन्स के बारे में मेरा ज्ञान मुझे "पहले दिन" से हमारी बिगड़ती हुई जीवन की गुणवत्ता को पुनर्स्थापित करने, छोटे व्यवसायों की सहायता करने और सब से महत्वपूर्ण बात, पुलिस की सहायता करके अपराध को कम करने में सक्षम बनाएगा। मैं SHSAT को रखने के लिए लड़ूंगा, गिफ्टेड/टेलेटन्टेड प्रोग्रामों को बढ़ाउंगा, स्कूल के बाद के कार्यक्रमों का वित्तपोषण करूंगा, वरिष्ठ नागरिक/पूर्व सैनिक कार्यक्रमों को विस्तारित करूंगा, स्थानीय कानून 97 के सिटी द्वारा वित्तपोषण और NYC के सेवा निवृत्त व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी बेनिफिट्स का समर्थन करूंगा। बरो अध्यक्ष डोनोवान रिचार्ड्स, कांग्रेस सदस्या ग्रेस मेंग, राज्य सेनेटर स्टाविस्की, असेम्बली सदय ब्राउनस्टीन और वेप्रिन, UFT, RWDSU और ATU लोकल 1056 द्वारा समर्थित।"***

**वर्तमान पेशा:** सेवा निवृत्त

**पहले का पेशा:** स्टेट सेनेटर 2010-18

**शिक्षा:** BA हंटर कॉलेज पोलिटिकल सायंस

**संगठनों से संबद्धता:** नाइट्स ऑफ कोलम्बस; नाइट्स ऑफ पाइथियास; सन्स ऑफ इटली

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** नगर परिषद सदस्य, ज़ोनिंग चेयर (2001-09)

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## विकी पैलेडिनो (Vickie Paladino)

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा की रक्षा करना।
2. जीवन की गुणवत्ता और ज़ोनिंग।
3. शिक्षा और हमारे छात्रों की सुरक्षा।

*"पद पर मेरे पहले कार्यकाल के दौरान हमने बहुत प्रगति की है, और सार्वजनिक सुरक्षा, जीवन की गुणवत्ता और शिक्षा में जीत प्रदान की है। मैंने एक ऐसा बजट पारित कराने में मदद की है जिसने NYPD का पूरा निधियन पुनःस्थापित किया है, कॉलेज पॉइंट में अधिक पुलिस लाया है, हमारे स्कूलों को अतिरिक्त धनराशि के रूप में कई मिलियन डॉलर दिए हैं, डगलसटन में ब्राउन पार्क और सैंडहिल जैसे रुके हुए प्रोजेक्ट पूरे कराए हैं, अवसंरचनाओं में अपग्रेड शुरु किए हैं और व्हाइटस्टोन और बेसाइड में बाढ़ की स्थिति को रोका है, और बच्चों की स्कूलों में अनुपयुक्त सामग्री से रक्षा की है। मेरे कार्यालय ने हमारे पहले ही वर्ष में लगभग 1,500 मतदाता मामलों का समाधान किया है और यह तो सिर्फ शुरुआत है।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले का पेशा:** छोटे व्यवसाय की मालकिन

**शिक्षा:** हाई स्कूल

**संगठनों से संबद्धता:** प्रमुख, व्हाइटस्टोन रिपब्लिकन क्लब, रिपब्लिकन वुमन ऑफ द यर 2019

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** वर्तमान नगर परिषद सदस्या, डिस्ट्रिक्ट 19

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों की तुलना करें

आपके लिए सब से महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों का क्या रवैया है जानने के लिए हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं, और फिर उनके रवैयों को एक साथ रख कर उनकी तुलना करें।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/compare** पर जाएं

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | टोनी अवेला (Tony Avella)<br>डैमोक्रेटिक, करदाता एक हों | विकी पैलेडिनो (Vickie Paladino)<br>रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स |
|---|---|---|
| **अपराध** | मैं पुलिस का समर्थन करता हूँ और NYPD के निधीयन को समाप्त करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ मतदान करूँगा। मैं नॉर्थईस्ट क्वीन्स में एक नये पुलिस प्रीसिंक्ट की रचना का और बढ़े हुए एशियन-विरोधी, यहूदी-विरोधी और LGBTQ+ विरोधी हमलों को संबोधित करने के लिए नफरत के अपराधों के लिए जुर्माने को दुगुना करने का समर्थन करता हूँ। | सार्वजनिक सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैंने एक बजट पारित करने में मदद की जिसने पुलिस फंडिंग को पूरी तरह से बहाल कर दिया और हमारे डिस्ट्रिक्ट में अधिक अधिकारियों को नियुक्त किया। मैं कैशलेस ज़मानत को पूरी तरह से रद्द होते, रिकर्स खुले रहे, और प्रगतिशील DA जो मुकदमा चलाने से इनकार करते हैं उन्हें हटा दी हुए देखना चाहता हूं। कानून व्यवस्था बहाल होनी चाहिए। |
| **महँगाई** | महँगाई से निपटने के लिए मैं गैसोलीन/व्यवसाय पर कर और घर मालिक/कॉन्डो/को-ऑप पर प्रॉपर्टी टेक्स में घटाव का समर्थन करता हूँ। सुपर मार्केट और फार्मेसियों के लिए बिज़नेस के प्रचालन का खर्च घटा कर बचत को खाद्य पदार्थों की कम कीमतों और प्रिस्क्रिप्शन से मिलने वाली दवाओं की कम लागत के रूप में बचत को उपभोक्ताओं को पहुँचाना। | महंगाई हम सभी को गरीब बनाती है, और सबसे ज्यादा गरीब और मध्यम वर्ग को प्रभावित करती है। हम एक राष्ट्रीय मुद्रास्फीति संकट का सामना कर रहे हैं, और एकमात्र रास्ता राजकोषीय अनुशासन, एक मजबूत अर्थव्यवस्था और सस्ती ऊर्जा की कीमतें होंगी। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मतदान प्रणाली/चुनाव अधिकारियों को राजनैतिक हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना हमारे लोकतंत्र को बनाए रखने की कुँजी है। मताधिकार का रक्षण करना/मतदान को अधिक आसान बनाना भी अतिमहत्वपूर्ण है। मतदाता को डराने को रोकने के लिए मैं चुनाव का दिन चुनाव स्थल पर अभियान चलाने पर प्रतिबंध लगाने के भी हक में हूँ। | अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संघ हमारे देश की नींव हैं। हालाँकि हाल ही में हमने हमारे मीडिया, शैक्षिक संस्थानों, सरकार और टेक मोनोपॉलियों द्वारा सेन्सरशिप की दिशा में एक चिंताजनक ट्रेंड देखा है। यह हमारे लोकतंत्र का असली संकट है, और इसे ठीक किया जाना चाहिए। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 20

**डैमोक्रेटिक**

- सैन्ड्रा उंग (Sandra Ung) ✓

**रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स, मेडिकल फ्रीडम**

- यू-चिंग जेम्स पै (Yu-Ching James Pai) ✓

**बेहतर फ्लशिंग**

- जिन लिआंग डेनी चेन (Jin Liang Dany Chen) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## सैन्ड्रा उंग (Sandra Ung) ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. शिक्षा
3. हाउसिंग

*"पदभार संभालने के मेरे पहले वर्ष में मैंने हमारे समुदाय के लिए महत्वपूर्ण संसाधन प्राप्त किए जिसमें 109वीं क्षेत्र में अफसरों की बढ़ोतरी, निवासियों के लिए निःशुल्क कानूनी सेवाएं, सफाई सेवाओं के लिए रिकॉर्ड स्तर निधीयन, हमारे स्कूलों में बड़े निवेश और हमारे हरे स्थानों में सुधार शामिल हैं। अगर मैं पुनर्निर्वाचित हो जाऊँ, तो मैं अधिक सुरक्षित सड़कों, किफायती हाउसिंग, बेहतर स्कूलों और स्वच्छ पासपड़ोस के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूँगी।"*

**वर्तमान पेशा:** नगर परिषद सदस्या

**पहले के पेशे:** वरिष्ठ सलाहकार, कांग्रेस सदस्या ग्रेस मेंग। न्यूयॉर्क स्टेट पार्क्स प्रिज़र्वेशन एंड हिस्टोरिक प्रिज़र्वेशन। न्यूयॉर्क शहर कॉम्पट्रोलर न्यूयॉर्क स्टेट असेम्बली एटर्नी, सेक्युअरी फॉर फैमिलीज़; असोसिएट एटर्नी, डोर्से एंड व्हिटनी

**शिक्षा:** BA - CUNY हंटर; J.D. - कोलम्बिया लॉ स्कूल

**संगठनों से संबद्धता:** हॉली सिविक, AABANY

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** राज्य समिति सदस्या

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## यू-चिंग जेम्स पै (Yu-Ching James Pai)

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स, मेडिकल फ़्रीडम

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. छोटे व्यवसायों का समर्थन करना
3. उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा

*“चलिए छोटे व्यवसायों की सहायता और समर्थन करते हैं और यहाँ रहने वाले मेहनती व्यक्तियों और परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाएं। सार्वजनिक सुरक्षा एक बड़ी चिंता है। हमारे बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेष हाइस्कूलों और गिफ्टेड और टेलेन्टेड प्रोग्रामों के द्वारा अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करने का अधिकार है। हमें परिवर्तन की ज़रूरत है, और परिवर्तन आएगा, में यह मौका दें, मेरे अभियान का समर्थन करें और मुझे वोट दें। “परिवर्तन आपकी ओर आ रहा है।”*

**वर्तमान पेशा:** स्व-नियोजित सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटंट

**पहले केपेशे:** CPA फर्म में अकाउंटंट

**शिक्षा:** स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क - अल्बेनी (अकाउंटिंग में BS) - 1996

**संगठनों से संबद्धता:** फ्लशिंग सेंट्रल लायंस क्लब, ताइवानीज़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स ऑफ न्यूयॉर्क इंक, चाइनीज़ अमेरिकन सोसायटी ऑफ CPAs

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कोई नहीं

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन



## जिन लिआंग डेनी चेन (Jin Liang Dany Chen)

बेहतर फ्लशिंग

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सामुदायिक सुरक्षा
2. पुलिस कवरेज और निधियन बढ़ाना
3. कानून और व्यवस्था सामाजिक न्याय

*“मुझे एक पति और दो बच्चों का पिता होने में गर्व है। मेरे समुदाय ने मुझे पास्टर और सामुदायिक कार्यकर्ता के रूप में सेवा करने का मौका दिया है। हमारे समुदाय के लिए अधिवक्ता के रूप में, मैं महत्वपूर्ण चीज़ों के लिए लड़ता हूँ। मैं बेहतर फ्लशिंग समुदाय बनाने के लिए आपके साथ मिलकर लड़ना जारी रखूँगा, ताकि हम जिसे घर कहते हैं, उस स्थान पर गर्व करना जारी रख पाएं। मैं हमेशा अपने कानून प्रवर्तन का समर्थन करूँगा, और वे यहाँ जो काम करने के लिए हैं उसकी सहायता करूँगा। इस गड़बड़ी वाले परिवेश में, मैं नगर परिषद में आपके प्रतिनिधि के रूप में इस लोगों के लिए लड़ने वाला हूँ।”*

**वर्तमान पेशा:** डायरेक्टर ऑफ एशियन मार्केटिंग - प्रोहेल्थ सल्यूशंस

**पहले के पेशे:** लागू नहीं होता

**शिक्षा:** लागू नहीं होता

**संगठनों से संबद्धता:** चाइनीज़ अमेरिक अलायंस ऑफ यूएसए के संस्थापक, कॉलेज पॉइंट रेसिडेंट्स कोएलिशन के संस्थापक

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कॉलेज पॉइंट NY में जेंडर शेल्टर कन्वरज़न के सेटअप को सुगम बनाया

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | सैन्ड्रा उंग (Sandra Ung) ✓<br>डैमोक्रेटिक | यू-चिंग जेम्स पै (Yu-Ching James Pai) ✓<br>रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स, मेडिकल फ्रीडम |
|---|---|---|
| **अपराध** | मुझे गर्व है कि मैंने 109 के लिए अधिकारियों की बढ़ोतरी हासिल कर ली है, लेकिन मैं और पुलिस अफसर प्राप्त करना जारी रखूँगी और सिक्योरिटी कैमरा भी। मैं आपराधिक न्याय प्रणाली में अधिक मानसिक स्वास्थ्य संसाधन और मनोरंजक कार्यक्रम प्राप्त करने के लिए काम करना भी जारी रखूँगी। | अच्छे आँकड़ों को जो सचमुच हो रहा है उससे धोखा न करने दें। कई अपराधों की रिपोर्ट नहीं की जाती है। पुलिस को स्थान पर पहुँचने में 45 मिनट से ज़्यादा लगते हैं। यह ना केवल कोई मदद नहीं करता, यह पीड़ितों को कॉल करने से हतोत्साहित भी करता है। हमें अपनी सड़कों पर अधिक अधिकारियों को ला कर बेहतर बनने की ज़रूरत है। |
| **महँगाई** | महँगाई कामगार वर्ग के परिवारों को नुकसान पहुँचा रही है, और उससे लड़ना प्राथमिकता होगी। न्यूयॉर्क शहर को उपभोक्ताओं के लिए लागत को कम करने के लिए हो सके वह सबकुछ करना चाहिए। | एक CPA के रूप में, मौजूदा महँगाई आपूर्ति और माँग और महामारी के अवशेषों का परिणाम है। बौखला देने वाली माँग और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के कारण कीमतें बढ़ गई हैं और कामकाजी और मध्यम वर्ग परिवार सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | अमेरिका हमारे लोकतंत्र पर बना है और मुझे इसकी रक्षा के लिए लड़ने का गर्व है। सरकारी परिचालनों पर प्रमुख के रूप में मैंने मतदान को पहुँच बढ़ाई है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों और जिन्हें अंग्रेज़ी पर सीमित प्रभुत्व प्राप्त हो ऐसे व्यक्तियों के लिए मतपत्र के डिज़ाइन को बेहतर बनाना शामिल है। | महामारी के दौरान यह स्पष्ट था कि देश कितना लोकतांत्रिक है। जानकारी को सेन्सर किया जाता था, आवाज़ों को दबाया जाता था और धार्मिक स्वतंत्रता को अनदेखा किया गया था। आध्यात्मिक नेताओं को आवश्यक कर्मियों के रूप में चिह्नित नहीं किया गया था। अगर निर्वाचित हो जाऊँ, तो मैं प्रार्थना स्थलों को अधिक महत्वपूर्ण के रूप में चिह्नित करने का आग्रह करूँगा। |

## जिन लिआंग डेनी चेन (Jin Liang Dany Chen)

बेहतर फ्लशिंग

निधीयन बढ़ा कर, सड़कों पर और पुलिस ला कर, और प्रतिक्रिया का समय कम करने के लिए सैटलाइट प्रीसिंक्ट स्टेशन स्थापित कर के अपराध को कम करना।

महँगाई की दर हमारे समुदाय के निवासियों औऱ व्यवसायों के जीवन को नष्ट कर रही है। हमें शहर की सरकार के खर्च को कम करने के तरीके खोजने हैं, ताकि हम अपने समुदाय पर पड़ रहे दबाव को कम करने में सहायक हो सकें।

लोगों की बेहतर आवाज़ पाने के लिए मतदाताओं का जनसाँख्यिकीय कवरेज बेहतर बना कर लोकतंत्र की रक्षा करना। चुनावों की सत्यता के लिए लड़ना

# उम्मीदवारों के वीडियो देखें

**हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 21

**डैमोक्रेटिक**

- फ़्रान्सिस्को पी मोया (Francisco P Moya)

अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।

इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।



## फ़्रान्सिस्को पी मोया (Francisco P Moya)

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. किफायती हाउसिंग
2. स्कूलों का निधीयन
3. कामगारों का संरक्षण करना

*"2018 से मुझे नगर परिषद में ईस्ट एल्महर्स्ट, लफ़्राक सिटी और कोरोना का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है। मैंने कामगार न्यूयॉर्क निवासियों के लिए संघर्ष किया है, आप्रवासियों के लिए वकालत की है, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवाज़ उठाई है और सार्वजनिक स्कूलों को कई बिलीयन उपलब्ध कराए हैं। मुझे हमारे समुदाय में हज़ारों किफायती हाउसिंग इकाइयाँ, नये स्कूल, एक सीनियर सेंटर और अच्छे वेतन वाली नौकरियाँ प्रदान करने में गर्व महसूस हो रहा है। मैं हमारी सड़कों को और सुरक्षित बनाने वाले संसाधनों में निवेश कर रहा हूँ। हमें अनुभवी और समर्पित नेतृत्व की ज़रूरत है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि हम सब की बात को सुना जा रहा है।"*

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्य, डिस्ट्रिक्ट 21

**पहले के पेशे:** NY स्टेट असेम्बली सदस्य; सरकारी संबंध

**शिक्षा:** BA, सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी, नेशनल अर्बन फेलो, MPA बारुक कॉलेज

**संगठनों से संबद्धता:** कोरोना लायंस क्लब; सेंट लीओज़ गोल्डन एज क्लब

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** NY स्टेट असेम्बली सदस्य; डैमोक्रेटिक डिस्ट्रिक्ट नेता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## फ्रान्सिस्को पी मोया (Francisco P Moya)

डैमोक्रेटिक

| | |
|---|---|
| **अपराध** | हमारे समुदाय को सुरक्षित करना एक शीर्ष प्राथमिकता है। हमें युवाओं को गैंग में जुड़ने से रोकने, लत और मानसिक स्वास्थ्य महामारी का उपचार करने, और कानून प्रवर्तन और हमारे समुदाय के बीच विश्वास का निर्माण करने और साथ ही उन्हें जवाबदेह बनाने वाले प्रोग्रामों में निवेश करने की ज़रूरत है। |
| **महँगाई** | हम सभी किराने की दुकान में महँगाई की वास्तविकता को देखते हैं। कीमतें बढ़ती हैं, वेतन उतना ही रहता है। हमें उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से बचाना होगा - इसलिए मैं ने डिलीवरी ऐप्स के साथ झगड़ा मोल लिया और वे जितना शुल्क ले सकते हैं उस पर एक सीमा बाँध दी, ताकि औसत न्यूयॉर्क निवासी को लूटा न जाए। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | हमें सरकार तक पहुँच और उसमें सहभागिता बढ़ाने की ज़रूरत है। एक तरीका है मतदान पहुँच को बढ़ाना। मुझे म्युनिसिपल मतदान कानून का प्रायोजन करने में गर्व था जो कि न्यूयॉर्क शहर के चुनावों में गैर-नागरिकों को मतदान करने देता है। |

## nyc votes को फ़ॉलो करें

**आप चुनाव संबंधी सभी नवीनतम अपडेट्स के लिए NYC Votes को फ़ॉलो कर सकते हैं!**

**@nycvotes**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 22

**डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़**

- टिफानी एल काबान (Tiffany L Caban)

**रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, एनिमल वेलफेयर**

- केली क्लिंगमैन (Kelly Klingman)

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## टिफानी एल काबान (Tiffany L Caban)

डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. साक्ष्य आधारित सार्वजनिक सुरक्षा कार्यनीतियाँ
2. पैदल चलने वालों/साइकिल वालों के लिए अनुकूल सड़कें
3. स्थायी रूप से किफायती हाउसिंग

***"पब्लिक डिफेन्डर के रूप में उनके वर्षों के दौरान, टिफानी ने जिनके पक्ष में और कोई न हो ऐसे न्यूयॉर्क निवासियों के लिए संघर्ष किया। अब वह सभी डिस्ट्रिक्ट 22 निवासियों की सेवा करती हैं। अपनी पहली टर्म के दौरान वह डिस्ट्रिक्ट में बढ़ा हुआ कचरा उठाना, सड़कों की सुरक्षआ में सुधार और सब वे में अपग्रेड्स लाईं, 300 से अधिक किफायती हाउसिंग की इकाइयों और एक नये वॉटरफ्रंट पार्क की स्वीकृति दी और सात प्रभावी विधेयक पारित किए। वह परिषद के LGBTQIA+ कॉकस की कोचेयर हैं।"***

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्या

**पहले के पेशे:** सीनीयर स्ट्रैटेजीइस्ट, वर्किंग फैमिलीज़ पार्टी; पब्लिक डिफेन्डर, लीगल एड सोसायटी एंड NY Co. डिफेन्डर सर्विसिस

**शिक्षा:** NY लॉ स्कूल, JD. पेन स्टेट, BA. सेंट फ्रांसिस प्रेप, JHS210, PS62

**संगठनों से संबद्धता:** वर्किंग फैमिलीज़ पार्टी, लोकल प्रोग्रेस, डैमोक्रेटिक सोशलसिट्स ऑफ अमेरिका, मिजेन्ते, LGBT, NYC और पुअर्टो रिकन बार असोसिएशन।

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** NYC परिषद सदस्य

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## केली क्लिंगमैन (Kelly Klingman)

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, एनिमल वेलफेयर

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. वर्तमान सार्वजनिक सुरक्षा व्यूह रचनाएं बेहतर बनाना
2. उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षा के अवसरों में निवेश
3. किफायती और सुरक्षित हाउसिंग

***"मैं जुड़वां बच्चों की अकेली माँ हूँ और एस्टोरिया की एक बिज़नेस वुमन, जो कि नगर परिषद में डिस्ट्रिक्ट 22 की सेवा करने के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। हमें एक ऐसी नगर परिषद सदस्या की ज़रूरत है, जो हमें सुरक्षित रखने, सड़कों को साफ करने और सभी को बेहतर और अधिक संधारणीय भविष्य का मौका देने के लिए लड़ेगी। मैं जानती हूँ कि ज़िंदा रहने के लिए संघर्ष करना और फिर भी ज़िंदगी निभा पाने के बारे में चिंतित रहना क्या होता है। मैंने अपनी जीवन यहाँ एस्टोरिया में बनाया है, और मैं हमें जिसकी ज़रूरत है उसके लिए लड़ूँगी।"***

**वर्तमान पेशा:** लाइसेंसीकृत असोसिएट रियल एस्टेट ब्रोकर

**पहले के पेशे:** रियल एस्टेट संपत्ति प्रबंधन, नये विकास प्रोजेक्ट प्रबंधन, कार्यबल हाउसिंग संपत्ति प्रबंधन

**शिक्षा:** लागू नहीं होता

**संगठनों से संबद्धता:** एनिमल वेलफेयर पार्टी, रियल एस्टेट बोर्ड ऑफ न्यूयॉर्क, OSHA ट्रेनिंग सेफ्टी इन्स्टिट्यूट, इमेक्यूलेट कनसेप्शन HAA

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** लागू नहीं होता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

**टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या nycvotes.org/stay-informed पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | टिफानी एल काबान (Tiffany L Caban) ✓<br>डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़ | केली क्लिंगमैन (Kelly Klingman) ✓<br>रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, एनिमल वेलफेयर |
|---|---|---|
| **अपराध** | हमें उन चीज़ों में निवेश करना होगा, जो हम जानते हैं कि हिंसा को घटाने में काम करती हैं: किफायती हाउसिंग, अच्छी नौकरियाँ, बहुत सी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, और साबित हुए हिंसा की रोकथाम के कार्यक्रम। अब विफल पुलिसिंग और जेलबंदी की व्यूहरचनाओं को छोड़ने का वक्त है जो बस दर्द और अपराधीकरण को ही बनाए रखती हैं। | चाहे उनका ज़िप कोड कोई भी हो, सभी लोगों को अपने घर और कार्यस्थल में सुरक्षित महसूस करने का हक है। हमारे अफ़सरों को सभी लोगों की रक्षा के लिए आवश्यक संसाधन दिए जाएं यह सुनिश्चित करने के लिए मैं दिन-रात काम करूँगी। मैं हमारी सड़कों पर, सबवे में और पार्क्स में हमारी सुरक्षा के लिए NYPD की उपस्थिति को बढ़ाऊंगी। |
| **महँगाई** | मैंने कॉनएड द्वारा दरों में बढ़ोतरी और किराया दिशानिर्देश बोर्ड द्वारा बढ़ोतरी के खिलाफ ज़ोरदार विरोध किया है। कामगार वर्ग के न्यूयॉर्क निवासी गुज़ारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. उन पर अधिक भुगतान के लिए ज़बरदस्ती करना उन्हें शहर छोड़ने पर मजबूर कर देगा और न्यूयॉर्क अति-अमीर लोगों के लिए तेज़ी से प्लेग्राउंड बन जाएगा। | बढ़ती हुई कीमतों हर जगह पर परिवारों को पीस रही हैं। हाउसिंग से भोजन तक, सिटी हॉल महँगाई के खिलाफ संरक्षणों को और उन्नत बना सकता है और उसे ऐसा बेहतर तरीके से करना चाहिए। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मेरा पद एक मज़बूत पार्टिसिपेटरी बट प्रक्रिया चलाता है, क्योंकि हम मानते हैं कि लोकतंत्र रहने लायक शहर की कुंजी है। मैं लोकतंत्र में न केवल चुनाव का दिन भरोसा करती हूँ, बल्कि हर दिन, और हर जगह पर, नौकरी के स्थान से लेकर स्कूल की इमारत तक। | चुनाव करने और हमारे सरकार में परिवर्तन करने का अधिकार मतदाता के रूप में हमारा सबसे बड़ा अधिकार है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए काम करूँगी कि हर मतदाता अपने मतपत्र तक बिना हस्तक्षेप पहुँच बना सके और खास हितों की ताकत को सीमित कर दूँगी। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 23

**डैमोक्रेटिक**

- लिन्डा ली (Linda Lee) ✓

**रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स, मेडिकल फ्रीडम, पेरेन्ट पार्टी**

- बर्नार्ड चाउ (Bernard Chow) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## लिन्डा ली (Linda Lee) ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. हमारे समुदायों को सुरक्षित बनाना।
2. उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुँच को बढ़ाना।
3. हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना

***"मुझे ईस्टर्न क्वीन्स का प्रतिनिधित्व करने में गर्व है - यह विविध कामकाजी परिवारों, छोटे व्यवसाय के मालिकों, युवा पेशेवरों और कई वरिष्ठ नागरिकों का घर है। लेकिन हमारी ऐसी समस्याएं हैं जिनके लिए असली नेतृत्व ज़रूरी है। संपत्ति कर बढ़ रहे हैं, छोटे व्यवसाय संघर्ष कर रहे हैं और हमारी मूलभूत सुविधाओं को अपग्रेड की ज़रूरत है। हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि समुदाय की आवाज़ें हम स्थानीय स्तर पर जिन्हें संबोधित कर रहे हैं उन सभी समस्याओं में सब से आगे हों। पिछले साल मैंने पद संभाला तब से मैं उन विधेयकों और निधियन पर ज़ोर देने के लिए काम कर रही हूँ जिनका हमारे समुदायों पर सीधा और सकारात्मक प्रभाव हो और जो हमें अधिक सुरक्षित बना कर हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाएंगे।"***

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले का पेशा:** KCS की एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर

**शिक्षा:** BA बरनार्ड; MSW कोलम्बिया

**संगठनों से संबद्धता:** PS203, NVCC

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** सामुदायिक परिषद नं. 11, पूर्व NYCCEC प्रतिनिधि

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## बर्नार्ड चाउ (Bernard Chow)

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स, मेडिकल फ्रीडम, पेरेन्ट पार्टी

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा की रक्षा करना
2. शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना
3. स्थानीय कानून 97 नहीं

*"मैं मिनेसोटा में कॉलेज की पढ़ाई के लिए यूएस आया और फिर मैंने न्यूयॉर्क में घर बना लिया। 20 सालों से मैं समुदाय की सहायता के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूँ।*

*मुझे न्यूयॉर्क में चीज़ें जैसी चल रही हैं उसके बारे में चिंता है। चीनी संस्कृति संतुलन के बारे में बात करती है, और हमने उसे यहाँ खो दिया है। ऐसा लगता है कि अपराधियों पर आम लोगों से अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जो सही नहीं है। इससे समस्याएं हो रही हैं और हमारे नागरिकों के लिए NYC की सड़कों पर और सबवे में सार्वजनिक सुरक्षा प्रभावित हो रही है।*

*हमें न्यूयॉर्क सिटी के नेतृत्व में इस असंतुलन को ठीक करने की ज़रूरत है।*

*मेरे साथ इस विषय के लिए टीम बनाएं। साथ मिलकर हम कुछ असली परिवर्तन ला सकते हैं।"*

**वर्तमान पेशा:** सामुदायिक संपर्क

**पहले का पेशा:** मार्केटिंग सलाहकार

**शिक्षा:** भौतिकशास्त्र और कंप्यूटर सायंस में बैचलर डिग्री

**संगठनों से संबद्धता:** लायन क्लब, न्यूयॉर्क कम्युनिटी लीग

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** न्यूयॉर्क राज्य GOP सेनेट के लिए सामुदायिक संपर्क

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** कंज़र्वेटिव

# अपने मतपत्र की योजना बनाएं

**अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | लिन्डा ली (Linda Lee) ✓<br>डैमोक्रेटिक | बर्नार्ड चाउ (Bernard Chow) ✓<br>रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कॉमन सेन्स, मेडिकल फ़्रीडम, पेरेन्ट पार्टी |
|---|---|---|
| **अपराध** | मैं पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ हमारे कानून प्रवर्तन अधिकारियों को पूरी तरह से वित्त पोषण करने का प्रबल समर्थक हूं। हमें अपनी सड़कों से बंदूकें हटाकर, मानसिक स्वास्थ्य संकट को संबोधित करते हुए, और घृणा और पूर्वाग्रह अपराधों में वृद्धि पर हमला करके, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण अपराध को कम करने की आवश्यकता है। | बढ़ते हुए अपराधों के साथ NYC की सार्वजनिक सुरक्षा घटी है, जिसकी वजह है हाल की नीतियों के चलते NYPD अधिकारियों की कमी। हमें तत्काल सम्मान, नैतिकता और पुलिस की भूमिका के बारे में अवगतता को पुनःस्थापित करना होगा, जिसमें ज़मानत सुधार को खत्म करना और DA देखरेख शामिल हैं। |
| **महँगाई** | जबकि मुद्रास्फीति से निपटना मुख्य रूप से संघीय स्तर पर नियंत्रित किया जाता है, हमें कम और मध्यम आय वाले परिवारों, जो गैस और किराने के सामान की बढ़ती लागत से निपट रहे हैं, की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमें मूल्य-निर्धारण के लिए कंपनियों और उपयोगिताओं को भी जवाबदेह ठहराना चाहिए। | महँगाई एक विश्वव्यापी समस्या है। स्थानीय रूप से हमें छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहित करने की ज़रूरत है। हमें नियमित रूप से स्थानीय जगहों पर खर्च करने वाले ज़रूरतमंदों को आर्थिक सहाय प्रदान करने की भी ज़रूरत है, जिससे स्थानीय व्यवसायों की मदद हो |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | जनवरी 6 ने हमें दिखाया कि हमारा लोकतंत्र कितना दुर्बल है। हमें मतपत्र बॉक्स तक पहुंच का विस्तार करने की, लोगों के लिए उनके द्वारा चुने गए तरीके से मतदान करना - जल्दी, डाक के माध्यम से, या उसी दिन मतदाता पंजीकरण के साथ चुनाव का दिन, आसान बनाने की आवश्यकता है। | NYC में और देश में एक लोकतांत्रिक मुक्त भविष्य के लिए शक्तिशाली नागरिक शिक्षा के द्वारा हमें सूचित, विविध और ज़िम्मेदार युवाओं को पोषित करने की ज़रूरत है। वाणी स्वातंत्र्य संयुक्त राज्य अमरिका का हिस्सा है |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 24

**डैमोक्रेटिक**

- जेम्स एफ़ गेन्नारो (James F Gennaro)

**रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, मेड एज़ हेल, मेडिकल फ़्रीडम, पेरेन्ट पार्टी**

- जोनाथन डेविड रिनाल्डी (Jonathan David Rinaldi)

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## जेम्स एफ़ गेन्नारो (James F Gennaro)

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा को बेहतर बनाना
2. NYC के सार्वजनिक स्कूलों को बेहतर बनाना
3. जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना

***"इस चुनाव में किसी भी उम्मीदवार का निवासियों सेवा का रिकॉर्ड मेरे जितना नहीं है और ना ही किसी के पास 24वें डिस्ट्रिक्ट के हर मतदान क्षेत्र के बारे में मेरे जितना ज्ञान है। उपलब्धियों का मेरा साबित हुआ रिकॉर्ड और मेरा अनुभव ही अंतर है।"***

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** उपायुक्त, NYS DEC, 2014-2020 NYC परिषद सदस्य 2002-2013 क्वीन्स कॉलेज में एडजंक्ट प्रोफेसर 1996-2003

**शिक्षा:** BA, भूविज्ञान और MS, सार्वजनिक प्रशासन, SUNY स्टोनी ब्रूक

**संगठनों से संबद्धता:** समर्थन करने वाले: डैमोक्रेटिक ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ क्वीन्स काउंटी, यूएस रेप्स: ग्रेगरी मीक्स और ग्रेस मेंग, बरो अध्यक्ष डोनोवान रिचर्ड्स, राज्य सेनेटर: जोसफ अड्डाब्बो, लेरोय कोम्री, जॉन लिउ, टोबी स्टेविस्की, स्टेट असेम्बली सदस्य: एंड्रू हेवेसी, डेनियल रोज़नथाल, निली रोज़िक, डेविड वेबरिन, मेसन टेन्डर्स डिस्ट्रिक्ट काउन्सिल

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** परिषद सदस्य 2002-2013

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## जोनाथन डेविड रिनाल्डी (Jonathan David Rinaldi)

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, मेड एज़ हेल, मेडिकल फ़्रीडम, पेरेन्ट पार्टी

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. स्थानीय कानून 97 रद्द करना
2. सेक्शन 9 सार्वजनिक हाउसिंग को बचाना
3. अपराध और सुरक्षित सड़कें

***"जवाबदेही और पारदर्शिता। उन्होंने हम सभी को धोखा दिया है। वे प्रवासियों को लाकर उन्हें सबकुछ निःशुल्क दे रहे हैं, किराया, स्कूल और दवाइयाँ और साथ ही ऐसी नीतियाँ बना रहे हैं जिन से क्वीन्स में जीना और परिवार को पालना नामुमकिन हो जाएगा। वक्त आ गया है कि सिटी बजट को पूरा खर्च कर दें और हमारे पास कुछ न बचे उससे पहले कर चुकाने वाला मतदाता अपनी सोशल सर्विसिस को बचाएं।"***

**वर्तमान पेशा:** रियल एस्टेट
**पहले का पेशा:** निर्माण
**शिक्षा:** CCNY बैचलर्स आर्किटेक्चर
**संगठनों से संबद्धता:** उम्मीद है कि सभी
**पहले का लोक सेवा अनुभव:** छात्र सरकार के प्रमुख
**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों की तुलना करें

आपके लिए सब से महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों का क्या रवैया है जानने के लिए हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं, और फिर उनके रवैयों को एक साथ रख कर उनकी तुलना करें।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/compare** पर जाएं

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | जेम्स एफ़ गेन्नारो (James F Gennaro) ✓<br>डैमोक्रेटिक | जोनाथन डेविड रिनाल्डी (Jonathan David Rinaldi) ✓<br>रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, मेड एज़ हेल, मेडिकल फ़्रीडम, पेरेन्ट पार्टी |
|---|---|---|
| **अपराध** | हर साल मैं अपने डिस्ट्रिक्ट में अतिरिक्त पुलिस कैमरा का निधीयन करता हूँ। न्यूयॉर्क एकमात्र राज्य है जहाँ न्यायाधीश प्रतिवादी के बारे में खतरे पर विचार नहीं कर सकते हैं। मेयर एडम्स और मैं अलबेनी से हमारी सार्वजनिक सुरक्षा संकट स्थिति का सामना करने के लिए "खतरनाक होने का मानक" स्थापित करने का आग्रह कर रहे हैं। | बच्चों के लिए ऐसा वातावरण जिसमें वे फल-फूल सकें देने हेतु सड़कों को सुरक्षित होना चाहिए। छोटे व्यवसायों के लिए संरक्षण। सड़कों पर पुलिस की अधिक उपस्थिति, ताकि गाड़ी की चोरी और घर में घुसपैठ को रोका जा सके |
| **महँगाई** | जहाँ राष्ट्रीय स्तर पर महँगाई बढ़ रही है, वहाँ मैं स्थानीय स्तर पर यह सुनिश्चित करने के लिए आग्रह कर रहा हूँ कि शहर की सरकार और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को न्यायपूर्ण अनुबंध मिलें। मैंने बीते सालों में जो कई पर्यावरण संबंधी कानून लिखे हैं, उनके चलते, शहर के किसी भी अन्य निर्वाचित अधिकारी से अधिक ग्रीन नौकरियाँ निर्माण की हैं। | कंजेशन की कीमत एक बड़ी समस्या है, मैनहेटन में प्रवेश करने के लिए हम से 23 डोलर लेना, जहाँ सामान और सेवाएं डिलीवर करने वाले कमर्शियल वाहन, जो कि दुगुना भुगतान करते हैं, उनसे लागत हर चीज़ को और महँगी कर देगी। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | लोकतंत्र की रक्षा और उन्नति न्यूयॉर्क निवासियों के लिए मतदान करने और अपने मताधिकार का नये तरीकों से इस्तेमाल करने के द्वारा किए जाते हैं। NYC में विस्तृत प्रारंभिक वोटिंग होता है और इसने मार्जिनीकृत समुदायों के उम्मीदवारों के सशक्तिकरण के लिए प्रत्याशियों को रैंक दे कर मतदान भी कार्यान्वित किया है। हमें बस इन चीज़ों का अधिकमत लाभ लेना है। | हम एक संवैधानिक गणराज्य हैं. अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र आवेदन अगर हस्ताक्षरित हो, तो इससे आपकी व्यक्तिगत रूप से मतदान करने की क्षमता मिट जाएगी। |

# उम्मीदवारों के वीडियो देखें

हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/candidates** पर जाएं।

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 25

**डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़**

- शेखर क्रिष्नन (Shekar Krishnan)

**रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम**

- ज़ाइल काओ (Zhile Cao)

**विविधता**

- फातिमा बार्याब (Fatima Baryab)

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## शेखर क्रिष्नन (Shekar Krishnan)

डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा
2. पार्क्स/खुली जगहों को विस्तारित करना, बेहतर बनाना
3. शुरुआती बचपन की शिक्षा में निवेश करना

***"आपके परिषद सदस्य और NYC सरकार में निर्वाचित सर्वप्रथम इंडियन अमेरिकन के रूप में, मैं पुनर्निर्वाचन के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ ताकि हमारे समुदाय जिनके काबिल हैं उन संसाधनों और सब के लिए काम करने वाले एक शहर के लिए लड़ना जारी रख सकूँ।***

***हमने जो हासिल किया है उस पर मुझे नाज़ है, एल्महर्स्ट होस्पिटल के लिए जीवन बचाने वाले निवेश से लकर आप्रवासी परिवारों की सहायता के लिए नये प्रोग्रामों तक, हमारे समुदाय के पहले सार्वजनिक डॉग रन तक, शहर के इतिहास में बगीचों के लिए सब से बड़े बजट तक पर।***

***साथ मिलकर हम एक ऐसा शहर बना पाएंगे, जहाँ सभी को स्वास्थ्य सेवा, बगीचों और खुली जगहों तक पहुँच प्राप्त हो, और जहाँ कामगार परिवारों को निःशुल्क शुरुआती बचपन सेवा मिले।***

***मैं इस भविष्य के लिए लड़ना जारी रखूँगा।"***

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्य

**पहले का पेशा:** नागरिक अधिकार वकील

**शिक्षा:** कूपर यूनियन (इंजीनियरिंग), यूनिवर्सिटी ऑफ़ मिशिगन लॉ स्कूल

**संगठनों से संबद्धता:** लागू नहीं होता

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** परिषद सदस्य

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## ज़ाइल काओ (Zhile Cao)

रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. शरणार्थी संकट
2. बेघर व्यक्ति संकट
3. हमारे देश में साम्यवाद का आक्रमण

*“न्यूयॉर्क को हमने इतिहास में पहले कभी नहीं देखी ऐसी हमारी संकट स्थिति से उबरने के लिए एक शक्तिशाली नेतृत्व की ज़रूरत है, और सभी अयोग्य पदाधिकारियों को पद से बाहर कर देना ज़रूरी है।”*

**वर्तमान पेशा:** MTA कर्मी

**पहले का पेशा:** MTA कर्मी

**शिक्षा:** 4 साल कॉलेज

**संगठनों से संबद्धता:** रिपब्लिकन

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** हाउस समिति बोर्ड

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन



## फातिमा बार्याब (Fatima Baryab)

विविधता

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. समुदायों की अपराध से रक्षा करना
2. सार्वजनिक स्कूलों की गुणवत्ता को बेहतर बनाना
3. सभी के लिए आर्थिक अवसर उपलब्ध कराना

*“मैं एक सामुदायिक अधिवक्ता और लाभ-निरपेक्ष अग्रणी हूँ। आजीवन न्यूयॉर्क निवासी के रूप में, मैं आम लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए पद के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। हमारी चिंताएं अक्सर अनसुनी होती हैं। हमें इसे बदलना होगा। निहित स्वार्थों को हमारे शहर में अच्छी ज़िंदगी जीने की क्षमता की अवहेलना नहीं करनी चाहिए। सुरक्षा, स्वच्छता और बेहतर शिक्षा वे विषय हैं जिन पर ध्यान देना आवश्यक है। करने के लिए और काम हैं। मैं आवश्यक परिवर्तन करने का वादा करती हूँ।”*

**वर्तमान पेशा:** वैज्ञानिक

**पहले का पेशा:** विद्यार्थी

**शिक्षा:** बायोलॉजी में बैचलर्स डिग्री, सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** सह-संस्थापक डायवर्सिटी प्लाज़ा, सहसंस्थापक सुखी न्यूयॉर्क

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** सामुदायिक कार्यकर्ता, जेंट्रिफ़िकेशन के खिलाफ अधिवक्ता। फातिमा NYS वैधानिक समाधान J3913 की सहलेखिका हैं और NYC में कई समुदायों की प्रवक्ता हैं।

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | शेखर क्रिष्नन (Shekar Krishnan) ✓<br>डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़ | ज़ाइल काओ (Zhile Cao) ✓<br>रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम |
|---|---|---|
| **अपराध** | सभी को चल कर घर जाते हुए, सब वे में या फिर किसी पूजा स्थल पर सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। सुरक्षा हमारी सरकार का सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है। मानसिक स्वास्थ्य और हाउसिंग से लेकर कम्युनिसी सेंटरों तक हमें विस्तृत समाधानों की ज़रूरत है। हम समुदायों में जल्दी निवेश करके उन्हें सुरक्षित रखते हैं। | कमज़ोर नेतृत्व के परिणाम स्वरूप शहर में अपराध बढ़े हैं। मेयर और पदाधिकारी कमज़ोर हैं और अत्यधिक प्रगतिशील डैमोक्रेट्स की बातों पर बहुत ध्यान देते हैं। हमें खुद का सोचते हुए सामान्य बुद्धि पर वापस जाना होगा। |
| **महँगाई** | जब हरेक न्यूयॉर्क निवासी, उनका परिवार और उनके पासपड़ोस के पास पनपने के संसाधन हों, तब हमारी अर्थव्यवस्था भी पनपती है। महँगाई को संबोधित करने का सबसे प्रभावी तरीका है ऐसा शहर बनाना जहाँ हरेक व्यक्ति गरिमामय वेतन पाए और उसके पास उच्च गुणवत्तावाली स्वास्थ्य सेवा, एक किफायती घर और बाल देखभाल हो। | महँगाई मुख्यतः संघीय और राज्स सरकारों द्वारा निर्मित है। न्यूयॉर्क सिटी गैस की कीमतों को नियंत्रित नहीं करता, फूड स्टैम्प नहीं छापता और न्यूनतम वेतन निर्धारित नहीं करता है। हम न्यूनतम वेतन के खिलाफ मतदान कर सकते हैं, लेकिन नगर परिषद मानक स्थापित नहीं करती है। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मतदान एक मूलभूत अधिकार है। हम यह सुनिश्चित करके हमारे लोकतंत्र की रक्षा करते हैं कि हरेक व्यक्ति भेदभाव से मुक्त हो कर इस अधिकार का इस्तेमाल कर सके। हमें मतदान को और आसान और पहुँचक्षम बनाना होगा। परिषद सदस्य के रूप में मैंने आपके मताधिकार की रक्षा करने के लिए भारी लड़ाई की है और यह जारी रखूँगा। | लोकतंत्र का मतलब है कोई मास्क से जुड़ा आधिकारिक आदेश नहीं, और चाहे महामारी हो या न हो, कोई टीके का आधिकारिक आदेश नहीं। मेरा शरीर मेरी संपत्ति और मेरी सीमा है, कोई उस पर आक्रमण नहीं कर सकता है। निजी संपत्ति की सुरक्षा करना लोकतंत्र की सुरक्षा का मूलभूत आधार है। |

## फातिमा बार्याब (Fatima Baryab)

विविधता

उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया।

उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया।

उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया।

# NYC Votes को फ़ॉलो करें

आप चुनाव संबंधी सभी नवीनतम अपडेट्स के लिए NYC Votes को फ़ॉलो कर सकते हैं!

**@nycvotes**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 26

**डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़**

- जुली वॉन (Julie Won) ✓

**रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम**

- मार्विन आर जेफ़कोट (Marvin R Jeffcoat) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## जुली वॉन (Julie Won) ✓

डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. किफायती हाउसिंग और विस्तृत आयोजन
2. शिक्षा और हरे स्थानों में निवेश करना
3. समुदाय आधारित सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना

***"परिषद सदस्य के रूप में मुझे सिटी हॉल में हमारे समुदाय की आवाज़ होने पर गर्व है! मेरे पहले साल में मैंने किफायती हाउसिंग की 1,622 इकाइयों को स्वीकृति दी है, मुफ्त वाईफाई, केबल और सेल सर्विस की डिस्ट्रिक्ट के सभी NYCHA निवासियों के लिए गारंटी दी है, और हमारे इलाके के लिए निधि के रूप में $50 मिलियन से अधिक प्राप्त किए हैं - जिसमें $11 मिलियन हमारे स्थानीय स्कूलों के लिए और $15 मिलियन हमारे बागों को अपग्रेड करने के लिए हैं। स्थानीय माँ, आप्रवासी और किरायेदार के रूप में मैं किफायती हाउसिंग के संकट को खतम करने और शहर की सरकार द्वारा लोगों की बेहतर सेवा के लिए लड़ रही हूँ।"***

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले का पेशा:** डिजिटल स्ट्रेटेजी कंसल्टंट

**शिक्षा:** सायराकूज़ यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** वर्तमान परिषद सदस्य के रूप में कोई नहीं

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** सामुदायिक बोर्ड 2, क्वीन्स बरो अध्यक्ष की 2020 जनगणना समग्र गणना समिति: संस्थापक टेक्नोलॉजी ऐक्शन ग्रूप

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## मार्विन आर जेफ़कोट (Marvin R Jeffcoat)

रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सुरक्षित और आरक्षित सड़कें प्रदान करना।
2. चार्टर स्कूल, वाउचर, होम स्कूलिंग
3. नौकरी खत्म करने के नियमों को हटाना।

***"मार्विन आपके जैसे असली लोगों के लिए असली नेता है। वह सुनिश्चित करते हैं कि पूर्व सैनिकों को यहाँ स्थानीय रूप से खर्च किया जाने वाला प्रतिफल मिले, जिसके वे बेशक पात्र हैं; युवाओं को व्यक्तिगत रूप से वास्तविक सेवा से शिक्षा और कौशल विकास से सफलता पाने के लिए सशक्त करते हैं और कॉर्पोरेट प्रभाव को टालते हैं, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि मूल या आय को ध्यान में लिए बगैर सभी को सेवा मिले।"***

**वर्तमान पेशा:** सुविधा प्रबंधक - NYC स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य विभाग

**पहले का पेशा:** फ्रेश डायरेक्ट ट्रांसपोर्टेशन पर्यवेक्षक; अमेरिकी सेना - सार्जेंट फर्स्ट क्लास (E7)

**शिक्षा:** कॉनकॉर्ड लॉ स्कूल से ज्यूरिस डॉक्टरेट

**संगठनों से संबद्धता:** VFW; अमेरिकन लीजन; कैथोलिक वॉर वेटरन्स; 82nd एयरबोर्न डिविज़न असोसिएशन; कॉम्बेट इन्फंट्रीमेन्स असोसिएशन; क्लब स्काउट्स; नाइट्स ऑफ़ कोलम्बस; NRA; सनीसाइड GOP

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** सामुदायिक बोर्ड 2 के पूर्व सदस्य

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

**टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या nycvotes.org/stay-informed पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | **जुली वॉन (Julie Won)** ✓<br>डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़ | **मार्विन आर जेफ़कोट (Marvin R Jeffcoat)** ✓<br>रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम |
|---|---|---|
| **अपराध** | सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक समग्र समाधान के लिए कानून प्रवर्तन से अधिक की ज़रूरत है। हमें मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों के लिए निधीयन बढ़ाकर अपराध के मूल कारणों का उपचार करना होगा, सबल करने वाले न्याय मॉडल को विस्तारित करना होगा, नौकरी के अवसर बढ़ाने होंगे और किफायती हाउसिंग बनाना होगा। | एक पूर्व सैन्य पुलिसकर्मी के रूप में, मैं पहले से जानता हूं कि हमारे शहर में व्यवस्था के रखरखाव को बहाल करने में क्या लगता है। एक बार चुने जाने के बाद मैं कानून प्रवर्तन और आस पड़ोस के निगरानी समूहों के लिए योग्य प्रतिरक्षा बहाल करने के लिए तुरंत कानून पेश करूंगा। यह मैं आपके लिए शपथ लेता हूं। |
| **महँगाई** | किरायेदार और माता के रूप में मैं बढ़ते हुए किराये और हमारे इलाके में जीवनयापन की निरंतर बढ़ती लगात के प्रभावों को महसूस करती हूँ। इसलिए, मैंने सीधे हमारे इलाके के लिए शहर के निधीयन के रूप में $50 मिलियन से अधिक प्राप्त किए हैं और अति किफायती हाउसिंग की ऐतिहासिक मात्राओं के लिए लड़ी हूँ। | आपकी तरह ही मैंने भी देखा है कि नौकरी खत्म करने वाले नियम महंगाई बढ़ाते हैं और मेरे परिवार की रसोई की मेज पर भोजन की मात्रा कम करते हैं। मैं उन नियमों की समीक्षा करूंगा और उन्हें समाप्त कर दूंगा जो वाणिज्य का गला घोंटते हैं। मैं अमेरिका में सबसे कम कॉर्पोरेट टैक्स दर बनाने के लिए भी काम करूंगा ताकि नौकरियां वापस उत्पन्न हो सकें। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | परिषद सदस्या के रूप में अपने मतदारों के मताधिकार का रक्षण करना और मतपत्र तक के पथ को निर्बाध करना मेरा कर्तव्य है। मैं मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने, जल्दी मतदान के घंटे और स्थान बढ़ाने, डाक द्वारा मतदान को सरल बनाने और अन्य उपायों का पूर्ण समर्थन करती हूँ। | अमेरिकी संविधान एक प्रतिनिधि लोकतंत्र की गारंटी देता है। दुर्भाग्य से, नगर परिषद ने बहस और कानून के लिए अपनी ज़िम्मेदारी का त्याग कर दिया है और उस ज़िम्मेदारी को अनिर्वाचित नौकरशाहों पर छोड़ दिया है जो महसूस करते हैं कि वे हमसे बेहतर जानते हैं कि हमें क्या चाहिए। मैं इसे ठीक कर दूंगा। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 27

**डैमोक्रेटिक**

- नान्ताशा एम विलियम्स (Nantasha M Williams)

**रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम**

- मेरिलिन मिलर (Marilyn Miller) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## नान्ताशा एम विलियम्स (Nantasha M Williams)

डैमोक्रेटिक

*"मैं ऐसी नेता हूँ जो समुदाय के लोगों को यथासंभव सशक्त बनाने में विश्वास करती हूँ। मैं हम जिन मुख्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं उनके बारे में सामुदायिक संवाद को सुगम बनाने के लिए और सक्रिय रूप से कम प्रतिनिधित्व पाने वाली आवाज़ों के उन्हें प्रभावित करने वाले मुद्दों पर बात करने के लिए ढूँढने के लिए जिम्मेदार हूँ। मेरा कार्यालय उत्तरदायिता, पहुँचक्षमता और पारदर्शिता के सिद्धांत से द्वारा मार्गदर्शित है।"*

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. जीवन की गुणवत्ता बनाए रखना
2. किफायती हाउसिंग
3. जातीय समानता

**वर्तमान पेशा:** प्रोजेक्ट मैनेजर, MWBE कंप्लायंस

**पहले के पेशे:** मैनेजर, कम्युनिटी एंड एक्सटर्नल रिलेशंस

**शिक्षा:** बैचलर्स (पोलिटिकल सायंस), मास्टर्स (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन), वर्तमान PhD छात्रा

**संगठनों से संबद्धता:** न्यूयॉर्क सिटी ब्लैक विमेन्स पोलिटिकल क्लब, सामुदायिक बोर्ड 13, विमेन्स मार्च

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** न्यूयॉर्क राज्य विधान मंडल के लिए अनेक पदों पर काम कर रही हैं

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## मेरिलिन मिलर (Marilyn Miller)

रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. उच्च अपराध
2. बेघरपन
3. छोटे व्यवसाय

*"मैं एक सेवा निवृत्त NYPD अधिकारी और 9-11 में बची फर्स्ट रिस्पॉन्डर हूँ। मैं न्यूयॉर्क के लोगों और क्वीन्स के बेहतरीन बरो के लिए चुनाव लड़ रही हूँ। हमारा शहर सर्वनाशी नीतियों से हमारे समुदायों और जीवन की गुणवत्ता को नष्ट करने वाले भ्रष्ट राजनेताओं के कार्यों और नीतियों के द्वारा संपूर्ण अव्यवस्था में है। उन्हें इस बात का नोटिस देने का वक्त आग या है कि "हम लोग" उच्च अपराध, बेघरपन, गंदी सड़कों, उच्च कर, महँगाई, छोटे व्यवसायों पर हमलों और संविधान द्वारा समर्थित हमारे नागरिक अधिकारों के उल्लंघन से तंग आ गए हैं। अब मिलर का वक्त है!"*

**वर्तमान पेशा:** रियल एस्टेट एजेंट

**पहले का पेशा:** NYPD अधिकारी

**शिक्षा:** B.A. क्रिमिनल जस्टिस

**संगठनों से संबद्धता:** PBA, NAR, NFRW, RJC

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** लागू नहीं होता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# अपने मतपत्र की योजना बनाएं

**अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | नान्ताशा एम विलियम्स (Nantasha M Williams)<br>डैमोक्रेटिक | मेरिलिन मिलर (Marilyn Miller) ✓<br>रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम |
|---|---|---|
| **अपराध** | क्योर वायलंस प्रोग्राम के लिए पूर्व बोर्ड सदस्या के रूप में मैं कानून प्रवर्तन के टूलबॉक्स को अपराध को संबोधित करने के लिए विस्तारित करने में मानती हूँ। मैं मानती हूँ कि 911 डिस्पैचरों को सामाजिक कार्यकर्ताओं और मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों तक पहुँच होनी चाहिए, लेकिन मैं पुलिस से निधि ले लेने के पक्ष में नहीं हूँ। | पूर्व NYPD अधिकारी के रूप में, मैं अपराध पर सख्त रहूँगी और हमारे मौजूदा नेताओं को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए उत्तरदायी ठहराउँगी। पकड़ें नहीं ज़मानत पर छोड़ें को रद्द करना होगा। हम ऐसे घुमते दरवाज़े को और बर्दाश्त नहीं कर सकते, जो हिंसक अपराधियों को और अपराध करने के लिए हमारे समुदायों में वापस आने दें। |
| **महँगाई** | ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और वैश्विक संघर्ष के आपूर्ति श्रृंखला को अस्थिर करने के चलते महँगाई एक बड़ी समस्या है जिसका दुनिया सामना कर रही है। मैं यह सुनिश्चित करना जारी रखूँगी कि कामगार परिवार बढ़ती लागतों की मार को न सहें। | महँगाई सब से ऊँचे स्तर पर है। वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें इतनी ऊँची हो गई हैं कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही हैं। अमेरिकी डॉलर का मूल्य कम हो गया है जिससे जीवनयापन का खर्च बढ़ रहा है। हमें सोने, चाँदी और बिटकॉइन के समर्थन वाली प्रणाली में शामिल होना होगा। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | लोकतंत्र की रक्षा और उसके प्रचार में मेरी मान्यता अडिग है। हमें मतदान को आसान बनाने और निर्वाचक वर्ग को यथा संभव विस्तारति करने के लिए और काम करना चाहिए। | हमारा देश संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया गया था। आपकी निर्वाचित नेता के रूप में मैं लोकतंत्र का संरक्षण करूँगी और संविधान द्वारा रक्षित आपके नागरिक अधिकारों की रक्षा करूँगी। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 28

**डैमोक्रेटिक**

- एड्रिएन ई एडम्स (Adrienne E Adams)

**रिपब्लिकन, कॉमन सेन्स**

- रूसत मोहन रामगोपाल (Rusat Mohan Ramgopal) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## एड्रिएन ई एडम्स (Adrienne E Adams)

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. हाउसिंग और किफायती घर
2. आर्थिक अवसर
3. मानसिक स्वास्थ्य

*"एड्रिएन एडम्स NYC परिषद की पहली आफ्रीकन अमेरिकन स्पीकर हैं, और शहर के इतिहास में सब से ज्यादा विविधतापूर्ण और महिला बहुमत का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने न्याय के विधेयक अजेन्डा को प्रोत्साहित किया है और महिलाओं और परिवारों को जिनका सामना करना पड़ता है उन मुद्दों को वरीयता दी है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और प्रजनन देखभाल में जातीय असमानता का सामने करने में परिषद का नेतृत्व किया। उन्होंने FDNY में विविधता लाने, न्यूयॉर्क की वेतन पारदर्शिता को बेहतर बनाने वाले कानून और घरेलु और लिंग आधारित हिंसा के पीड़ितों के लिए संसाधन बढ़ाने के लिए विधेयक पारित किए हैं। स्पीकर एडम्स ने परिषद के सदस्यों को पीड़ित व्यक्तियों के लिए सेवा कार्यक्रमों में निवेश करने के लिए $100K प्रदान किए हैं और CUNY रिकनेक्ट को $4.4M प्रदान करके उच्चतर शिक्षा को पहुँच को खोला है।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले का पेशा:** कॉर्पोरेट प्रशिक्षक

**शिक्षा:** कॉलेज ग्रैजुएट

**संगठनों से संबद्धता:** आल्फा काप्पा आल्फा सोरोरिटी, इंक

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** नगर परिषद

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## रूसत मोहन रामगोपाल (Rusat Mohan Ramgopal)

रिपब्लिकन, कॉमन सेन्स

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. सार्वजनिक स्कूल/शिक्षा
3. स्वच्छता और सड़कें

*"डिस्ट्रिक्ट 28 में हमारे समुदाय को अब कई सालों से अनदेखा किया गया है। हमारी सार्वजनिक सुरक्षा संकट में है, हमारे सार्वजनिक स्कूल विफल हो रहे हैं, और हमारी सड़कें गंदी रह जाती हैं और हर जगह गड्ढे पड़े हैं। शिकायत करना पर्याप्त नहीं है, हमें प्रतिनिधित्व पाने के लिए मतदान करना होगा। मैं समुदाय का बेटा हूँ और सेवा करना चाहता हूँ, क्योंकि मैं जानता हूँ कि साथ मिलकर हम महानता हासिल कर सकते हैं।"*

**वर्तमान पेशा:** नगर परिषद उम्मीदवार

**पहले के पेशे:** विभिन्न पद - ग्लोबस्पान 24/7 मीडिया, KCL लीगल क्लिनिक, यू.एस. स्टेट डिपार्टमेन्ट VSFS, जॉन जे कॉलेज, न्यूयॉर्क सिटी अर्बन डिबेट लीग

**शिक्षा:** यूनिवर्सिटी ऑफ़ लंडन, किंग्स कॉलेज, LL.B. (कानून की डिग्री) जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, LL.M. (कानून की डिग्री), कोलम्बिया सेकेंडरी स्कूल

**संगठनों से संबद्धता:** क्वीन्स बुक फेयर, श्री त्रिमूर्ति भवन, दिवाली मोटरकेड शो

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** क्वीन्स सामुदायिक बोर्ड 10 सदस्य, NYC शिक्षा विभाग SLT

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों की तुलना करें

आपके लिए सब से महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों का क्या रवैया है जानने के लिए हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं, और फिर उनके रवैयों को एक साथ रख कर उनकी तुलना करें।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/compare** पर जाएं

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | एड्रिएन ई एडम्स (Adrienne E Adams)<br>डैमोक्रेटिक | रूसत मोहन रामगोपाल (Rusat Mohan Ramgopal) ✓<br>रिपब्लिकन, कॉमन सेन्स |
|---|---|---|
| **अपराध** | सार्वजनिक सुरक्षा को बहेतर बनाने का पथ है साबित किए समाधानों में निवेश करना जो अपराध को होने से रोके: युवा हस्तक्षेप, आर्थिक अवसर और मानसिक स्वास्थ्य उपचार ऐसे निवेश के कुछ उदाहरण हैं। | बेवकूफीभरी "पुलिस का निधियन रद्द कर दो" व्यूहरचना, जिसे नगर परिषद में डैमोक्रेट्स का समर्थन मिला है, जिसने NYC को संकट में रख दिया है। लोग अब सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। अपराध बढ़ गया है, गरीब और अल्पसंख्यक समुदायों को सबसे ज़्यादा नुकसान हो रहा है। हमें पुलिस के साथ काम करना होगा, उनके खिलाफ नहीं। |
| **महँगाई** | महँगाई एक ऐसी समस्या है जिसने हमें बहुत प्रभावित किया है। धीमी आपूर्ति श्रृंखला के कारण जीवन यापन के खर्चों की बढ़ती कीमत ने अत्यधिक बोझ बढ़ाया है। निर्वाचित नेताओं के रूप में, हमें हमारे संघीय साझीदारों के साथ मिलकर हमारे निवासियों की जेबों पर पड़े अत्यधिक भार को कम करना होगा। | महँगाई हर किसी को नुकसान कर रही है, किराने की दुकान से लेकर गैस पम्प तक। NYC में अविचारी नीतियाँ और सरकारी खर्च ने परिस्थिति में सहायता नहीं की है, जैसे कि मेट्रोकार्ड के किराये में हाल ही में की गई बढ़ोतरी। मैं हर मौके पर बढ़ती हुई कीमतों से लड़ूँगा। आपकी जेबें खाली की जा रही हैं जब कि अन्यों को मुफ्त की चीज़ें मिल रही है। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | हमारे पवित्र लोकतंत्र का संरक्षण हमारे सार्वभौम देश की सफलता के लिए सर्वोपरि है। देश के रूप में हमें इस देश को घर कहने वाले सभी के अधिकारों की रक्षा करने के लिए जो कर सकें वह सबकुछ करना होगा। | मेरे मातापिता ने लोकतंत्र की वजह से गयाना को छोड़ कर अमेरिका आना चुना। जब सत्ताधारी प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं करते हैं, सोचते हैं कि उनकी सत्ता की गारंटी है, और लोगों की सेवा बंद कर देते हैं, आपको महत्वपूर्ण नहीं मानते हैं, तब लोकतंत्र को चोट पहुँचती है। डैमोक्रेट्स के साथ NY में अब यह हो रहा है। चलिए, 7 नवंबर को उसे बदल देते हैं। |

# उम्मीदवारों के वीडियो देखें

हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/candidates** पर जाएं।

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 29

**डैमोक्रेटिक**

- लिन सी शुल्मैन (Lynn C Schulman)

**रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव**

- डेनियल मेइओ (Dannniel Maio)

**कॉमन सेन्स**

- सुखी सिंघ (Sukhi Singh)

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## लिन सी शुल्मैन (Lynn C Schulman)

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाना; अस्पताल की क्षमता को बढ़ाना
2. हमारे स्थानीय स्कूलों में निवेश करना
3. हमारे वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त व्यक्तियों का समर्थन करना

***"मैं पुनर्निर्वाचन के लिए चुनाव लड़ रही हूँ ताकि स्वास्थ्य सेवा को सभी न्यूयॉर्क निवासियों के लिए किफायती और पहुँच के लायक बनाना जारी रख सकूँ। मेरी पहली टर्म में, स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष के रूप में, मैंने महिलाओं के स्वास्थ्य को उन्नत बना कर, प्रथम शहरव्यापी डायाबिटीज़ रिडक्शन प्लान लागू कर के और वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य विकल्पों को बेहतर बना कर शहर को अधिक स्वस्थ बनाने में सहायता की।***

***जहाँ हम अपने जीवन के सबसे बुरे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से उबर रहे हैं, वहाँ पहले से कहीं ज्यादा आज, यह अतिमहत्वपूर्ण है कि हमारे पास नगर परिषद में फोरेस्ट हिल्स, क्यू गार्डन्स, रिचमंड हिल और रेगो पार्क का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक मज़बूत, स्वतंत्र आवाज़ हो।"***

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** NYC हेल्थ एंड हॉस्पिटल्स कॉर्पोरेशन; FDNY-EMS

**शिक्षा:** हारवर्ड एग्ज़िक्यूटिव लीडरशिप प्रोग्राम; JD - ब्रुकलिन लॉ स्कूल; BA - NYU

**संगठनों से संबद्धता:** CB 6, CEC 28, 112वीं प्रीसिंक्ट परिषद

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** NYC परिषद; NYS असेम्बली;

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## डेनियल मेइओ
## (Danniel Maio)

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. अपराध, मत रिपब्लिकन
2. टैक्स और अपशिष्ट, कंज़र्वेटिव मतदान करें
3. सच और जवाबदेही, मतदाता इसकी माँग करते हैं

*"मतदाता मार्गदर्शिका को पढ़ने के लिए धन्यवाद!*

*राजनीति चालों का खेल है। विजेता जेब भरते हैं; हारने वाले बेवकूफ बनते हैं। कोई सत्ता साझापन नहीं, कोई चर्चा नहीं, विवरण के बारे में मौन, नियम तभी लागू किए जाते हैं जब लाभदायी हो, न्याय आधारित नहीं। डेनियल मेइओ का इरादा इन राजनीतिक चालों को प्रकट करने का है।"*

**वर्तमान पेशा:** आईडेन्टिटी मैप कंपनी में नक्शा बनाने वाले और डेटा विश्लेषक

**पहले के पेशे:** वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक में बायर; एप्सटीन बेकर एंड ग्रीन में पैरालीगल

**शिक्षा:** चामिन्डे यूनिवर्सिटी (होनोलुलु, हवाई) से MS; अमेरिकन यूनिवर्सिटी (वॉशिंगटन, डीसी) से इंटरनेशनल स्टडीज़ में BA

**संगठनों से संबद्धता:** सेंट्रल क्वीन्स रिपब्लिकन क्लब

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** 2001, 2008, 2016, 2020, 2022 में राजनीतिक उम्मीदवार

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन



## सुखी सिंघ
## (Sukhi Singh)

कॉमन सेन्स

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. शैक्षिक बजट में कटौती के लिए इनकार
2. सुरक्षित सड़कें बनाने के लिए प्रतिबद्ध
3. किराया स्थिरीकरण कानूनों का विस्तार करना

*"1-शिक्षा के लिए निधीयन को कम करने वाले किसी भीनगर बजट के लिए "नहीं" वोट करना।*

*2-सभी स्थानीय समुदायों के लिए सुरक्षित सड़कें बनाने और नफरत के अपराधों और हिंसा से निपटने के प्रतिबद्ध होना*

*3-किराया स्थिरीकृत कानूनों को विस्तारित करना और अब बिना मतलब के कई दशक पुराने कानूनों में परिवर्तन प्रस्तावित करके किरायेदारों और मकानमालिकों दोनों की रक्षा करना*

*4-सभी सरकारी एजेन्सियों और विभागों में सभी भाषाओं में पहुँच सुनिश्चित करना*

*5-सेन्ट्रल और साउथ ईस्टर्न क्वीन्स के लिए पहुंच बढ़ाने के लिए क्वीन्सलिंक का समर्थन करना"*

**वर्तमान पेशा:** आईटी कंसल्टंट

**पहले का पेशा:** आईटी कंसल्टंट

**शिक्षा:** कॉलेज

**संगठनों से संबद्धता:** द सिख कल्चरल सोसाइटी इंक.

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** डिस्ट्रिक्ट नेता उम्मीदवार 2022

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | लिन सी शुल्मैन (Lynn C Schulman) ✓<br>डैमोक्रेटिक | डेनियल मेइओ (Danniel Maio) ✓<br>रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव |
|---|---|---|
| **अपराध** | सरकार का पहला दायित्व है लोगों को सुरक्षित महसूस कराना। सार्वजनिक सुरक्षा एक जटिल समस्या है जिसमें निवेश के कई स्तरों की ज़रूरत है जिसमें शामिल है हिंसा में खलल के लिए निधीयन, बढ़ी हुई मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, NYPD की शामिलगिरी और हमारे सामुदायिक साझीदारों से इनपुट। | जमानत सुधार कानून ने छोटे जुर्म अपराधों को कानूनी बना दिया है। NYPD के हाथ बंधे हैं और हतोत्साहित है; कानून का पालन करने वाले नागरिक दो बार मार खाते हैं, अपराधी से और न्याय प्रणाली से। जाति, संपत्ति या लिंग द्वारा सुरक्षा की प्राथमिकता गलत ही है।! नफरत के अपराधों पर अधिक ध्यान क्यों दिया जाना चाहिए? |
| **महँगाई** | जहाँ हम अपने जीवन के सब से बुरे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से उबर रहे हैं, महँगाई नाटकीय ढंग से बढ़ गई है और इससे कामगार परिवारों को नुकसान पहुँच रहा है। मैं प्रतिवर्ष महँगाई की दर के आधार पर न्यूनमत वेतन बढ़ाने के NYS कानून का समर्थन करती हूँ। इससे कामगार NY वासियों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित होगी। | पैकेज चोर, कंजेशन कीमतें, रियल एस्टेट पर कर में बढ़ोतरी, OATH, यात्रा का किराया न चुकाना, घरों और यूटिलिटीज़ पर जलवायु परिवर्तन कर, $112 बिलियन का शहर का बजट... महँगाई को बढ़ाने वाली सरकारी कार्रवाइयों को रोकना और नियंत्रित करना होगा। अगर गलत या गैरवाजिब है, करदाता को रिफंड दें! |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के सम्मान के मूल्य लोकतंत्र के आवश्यक घटक हैं। हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों की सत्ता के किसी भी दुरुपयोग से रक्षा की जानी चाहिए, राष्ट्रीय स्तर पर भी और स्थानीय स्तर पर भी। | पदाधिकारियों के खिलाफ वोट दें। प्रतिस्पर्धा हो तो लोकतंत्र बेहतर काम करता है। इस साल, 15 नगर परिषद स्थानों की स्पर्धा में प्रतिस्पर्धी हैं ही नहीं! |

## सुखी सिंह
## (Sukhi Singh)

कॉमन सेन्स

| |
|---|
| सामान्य रूप से घृणा अपराधों और हिंसा से निपटने के लिए विभिन्न शैक्षिक प्रोग्रामों को वित्तपोषित करके सभी समुदायों के लिए सुरक्षित सड़क बनाने के लिए प्रतिबद्ध |
| हमें स्थानीय किसानों, निर्माताओं और स्थानीय छोटे व्यवसायों को सब कुछ आयात करने के बजाय घर में उत्पादन करने के लिए धन देना चाहिए |
| हम दुनिया में सबसे पुराने लोकतंत्र हैं और इसे निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने में सक्षम होने के लिए हमें अपने चुनाव बोर्ड को पूरी तरह से सही तरीके से वित्तपोषित होना चाहिए |

# NYC Votes को फ़ॉलो करें

**आप चुनाव संबंधी सभी नवीनतम अपडेट्स के लिए NYC Votes को फ़ॉलो कर सकते हैं!**

**@nycvotes**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 30

**डैमोक्रेटिक, रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, एनिमल वेलफेयर, मेडिकल फ़्रीडम**

- रॉबर्ट फ़्रान्सिस होल्डन (Robert Francis Holden) ✓

✓ अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।

इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।

---



## रॉबर्ट फ़्रान्सिस होल्डन (Robert Francis Holden) ✓

डैमोक्रेटिक, रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, एनिमल वेलफेयर, मेडिकल फ़्रीडम

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. जीवन की गुणवत्ता
3. शिक्षा

*“परिषद सदस्य के रूप में मैं अपने मतदाताओं के लिए जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने को प्रतिबद्ध हूँ। इस इलाके में मेरी गहरी जड़ें, जिनमें कई पीढ़ियाँ रही हैं, मुझे इस समुदाय के बारे में एक अनोखा नज़रिया और उसकी सेवा करने का अलग जुनून देता है। मैंने निर्भीक हो कर हमारे शहर के समाने की चुनौतियों का सामना किया है और मुझे गर्व है कि मैंने हमारी स्कूलों, बगीचों और सीनियर सेंटरों के लिए रिकॉर्ड तोड़ने वाला निधीयन प्राप्त किया है। सार्वजनिक सुरक्षा, जीवन की गुणवत्ता और मतदाता सेवाओं को मेरे समर्पण ने मुझे NYC के शीर्ष तीन परिषद सदस्यों में से एक की प्रतिष्ठा दिलाई है। यूनियन सदस्य, नागरिक नेता और निर्वाचित अधिकारी के रूप में 48 सालों के अनुभव के साथ, मैं अपने काम में सामान्य बुद्धि वाला अभिगम लाता हूँ और आपके लिए लड़ना जारी रखूँगा।”*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले का पेशा:** कॉलेज प्रोफेसर

**शिक्षा:** MFA

**संगठनों से संबद्धता:** जूनिपर पार्क सिविक असोसिएशन

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** न्यूयॉर्क नगर परिषद

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## रॉबर्ट फ्रान्सिस होल्डन (Robert Francis Holden)

डैमोक्रेटिक, रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, एनिमल वेलफेयर, मेडिकल फ्रीडम

| | |
|---|---|
| **अपराध** | मैं हमारी कानून प्रवर्तन एजेन्सियों का समर्थन करता हूँ, जिसमें NYPD, करेक्शंस अधिकारी, अग्निशामक दल के सदस्य, EMS कर्मी और पूर्व सैनिक शामिल हैं। बिना सार्वजनिक सुरक्षा के हम अपने शहर को खो देंगे और NYC से सामूहिक निर्गमन देखना जारी रखेंगे। |
| **महँगाई** | मध्यम और कामगार वर्ग के इलाके महँगाई द्वारा सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जो ज्यादातर ऊर्जा की ऊँची लागत और अनियंत्रित सरकारी खर्च द्वारा चालित है। इन समस्याओं को संबोधित करने के लिए, हमारे देश को ऊर्जा स्वायत्त बनने के कदम उठाने होंगे |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | कई विविध आवाज़ों और रायों को अनुमति और प्रोत्साहन देना हमारे लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए अतिमहत्वपूर्ण है। दूसरों की राय को सुनना अतिमहत्वपूर्ण है। बहुत सारे लोग चर्चाओं को बंद कर रहे हैं और मीडिया विभाजन की आग में घी डाल रहा है। |

## चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

**टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या nycvotes.org/stay-informed पर जाएं**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 31

**डैमोक्रेटिक**

- सेल्वेना एन ब्रुक्स-पावर्स (Selvena N Brooks-Powers)

**रिपब्लिकन, मेड एज़ हेल, पेरेन्ट पार्टी**

- डेनिएला मे (Daniella May) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## सेल्वेना एन ब्रुक्स-पावर्स (Selvena N Brooks-Powers)

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. जीवन की गुणवत्ता
2. हाउसिंग
3. सामुदायिक विकास और इन्फ्रास्ट्रक्चर

*"2021 में निर्वाचित होने के बाद से हम तेज़ गति से आगे बढ़ते जा रहे हैं, और हमने सार्वजनिक सुरक्षा के लिए $100 मिलियन से अधिक प्राप्त किए हैं, बिल्कुल नई स्कूल, बड़े वयस्कों के लिए सेंटर और अद्यतन सॉकर फील्ड का शिलान्यास किया है। हम अपने युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बगीचों में रिकॉर्ड निधि का निवेश कर रहे हैं, और साथ ही एजेन्सियों को हमारी ज़रूरतों के प्रति जवाबदेह रख रहे हैं। मैंने हमारी स्वास्थ्य सुविधाओं को मज़बूत बनाने के लिए एक ट्रॉमा टास्कफोर्स भी लॉन्च किया है। मैं पुनर्निर्वाचन के लिए चुनाव लड़ रही हूँ क्योंकि अभी बहुत सा काम करना है।"*

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** JFK रिडेवलपमेन्ट कम्युनिटी आउटरीच एंड एक्सटर्नल अफेयर्स डायरेक्टर, कम्युनिकेशंस डायरेक्टर, SEIU इंटरनेशनल और NYC मेयर का पद

**शिक्षा:** इंटरनेशनल लॉ, MS, NYU; सोशियोलॉजी, BA, विल्बरफोर्स यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** डेल्टा सिग्मा थीटा सोरोरिटी इंक, ग्रेटर एलन AME

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** NYC परिषद

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## डेनिएला मे (Daniella May)

रिपब्लिकन, मेड एज़ हेल, पेरेन्ट पार्टी

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. फार-रॉकवे में ट्रॉमा सेंटर बनाना
2. संधारणीयता के लिए मज़बूत अवसंरचना को प्राथमिकता देना।
3. गतिविधियों, संपर्क से अपराध को संबोधित करना।

*"डेनियेला, एक पूर्व नर्स और मार्टिन वान बुरेन हाइस्कूल की ग्रैजुएट महामारी के दौरान फ्रंटलाइन कर्मी बनीं, और कोविड-19 की रोकथाम, टीकाकरण और बेघर लोगों के लिए घावों की देखभाल में मदद करने लगीं। उनका लक्ष्य है फार रॉकवे में एक लेवल-वन ट्रौमा सेंटर स्थापित करना, ताकि जानलेवा परिस्थितियों का कारण करने वाली लंबी दूरी की यात्राओं को संबोधित किया जा सके। डेनियेला अवसंरचनाओं को प्राथमिकता देती हैं, और पाठ्यक्रमेतर गतिविधियों और पुलिस की सकारात्मक शामिलगिरी से अपराध दर को कम करने का समर्थन करती हैं। नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 31 के लिए चुनाव लड़ रही डेनियेला की इच्छा सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने की है।"*

**वर्तमान पेशा:** संस्थापक - नॉन प्रॉफ़िट अजेन्डा 700

**पहले का पेशा:** लाइसेंसीकृत प्रैक्टिकल नर्स

**शिक्षा:** वीब नासू काउंटी स्कूल ऑफ़ प्रेक्टिकल नर्सिंग

**संगठनों से संबद्धता:** न्यूयॉर्क यंग रिपब्लिकन क्लब

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कोई नहीं

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# अपने मतपत्र की योजना बनाएं

**अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | सेल्वेना एन ब्रुक्स-पावर्स (Selvena N Brooks-Powers)<br>डैमोक्रेटिक | डेनिएला मे (Daniella May) ✓<br>रिपब्लिकन, मेड एज़ हेल, पेरेन्ट पार्टी |
|---|---|---|
| **अपराध** | हमें अपराध को जब वह हो संबोधित करना होगा, खास कर हिंसक अपराधियों को। लेकिन हमें हम जो अपराध देखते हैं उसके मूलभूत कारण रूप प्रणालीगत अवरोधों को पहचानना होगा और ध्यान में रखना होगा। इसका मतलब है परिवर्तन प्रोग्रामों, हाउसिंग, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवा को पहुँच और अच्छी गुणवत्ता वाले भोजन में निवेश करना। | अपराध एक गंभीर समस्या है जिसके लिए हमारे समुदायों की सुरक्षा और संरक्षितता के बचाव के लिए सख्त कार्रवाई ज़रूरी है। अपराध से लड़ने के लिए कानून प्रवर्तन की सख्त नीतियों, निजी दायित्व और मज़बूत परिवार और सदस्य आवश्यक हैं ताकि उसे प्रभावी ढंग से संबोधित किया जा सके। |
| **महँगाई** | मेरे डिस्ट्रिक्ट में परिवार महँगाई और जीवन यापन की ऊँची लागत के कारण संघर्ष कर रहे हैं। हाल ही में हमने बड़ी संख्या में अश्वेत परिवारों को निष्क्रमण करते देखा है। हमें हाउसिंग, परिवहन, किराने और कई अन्य चीज़ों के लिए गुज़ारे की उच्च लागत को संबोधित करने के तरीके खोजने होंगे। | महँगाई के व्यक्तियों और व्यवसायों पर नुकसानदेह परिणाम हो सकते हैं। महँगाई के लिए वित्तीय दायित्व को संबोधित करने के लिए सोची-समझी हुई नीतियाँ, सही आर्थिक नीति और मुक्त बाज़ारप्रतिस्पर्धा आवश्यक है, ताकि एक स्थिर और समृद्ध आर्थिक भविष्य को सुनिश्चित किया जा सके। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | 6 जनवरी इस बात का अनुस्मारक था कि हमारा लोकतंत्र वास्तव में कितना कमज़ोर हो सकता है। इसलिए, हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम मत पेटी को पहुँच को अवरोधों को दूर करें और अन्य उपाय करें जो हम सभी आज जिनका सम्मान करते हैं उन मूलभूत अधिकारों और मूल्यों का संरक्षण करें। | लोकतंत्र की रक्षा करना एक अतिमहत्वपूर्ण प्राथमिकता है, जिसके लिए कानून के समर्थन को प्रोत्साहन, व्यक्तिगत अधिकार और स्वतंत्रताओं की रक्षा और नागरिक शामिलगिरी और सहभागिता को प्रोत्साहन देना शामिल हैं। लोकतंत्र की रक्षा करके हम सभी के लिए एक मुक्त, न्यायपूर्ण और समृद्ध समाज सुनिश्चित कर सकते हैं। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 32

**रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव**

- जोएन एरिओला (Joann Ariola) ✓

अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।

इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।



## जोएन एरिओला (Joann Ariola) ✓

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. जीवन की गुणवत्ता
3. अर्थव्यवस्था

*"मैं पुनर्निर्वाचन के लिए लड़ रही हूँ क्योंकि मैं जानती हूँ कि इस शहर को ऐसा स्थान बनाने के लिए बहुत काम करना बाकी है, जहाँ सभी न्यूयॉर्क निवासी सुरक्षित महसूस करें और हम सभी को जिसकी अपेक्षा करनी चाहिए ऐसी जीवन की गुणवत्ता का आनंद ले पाएं। आने वाले सालों में मी सार्वजनिक सुरक्षा को बेहतर बनाने और हमारी सड़कें पहले से बहुत ज्यादा स्वच्छ और सुरक्षित हों यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ते रहने की योजना है।"*

**वर्तमान पेशा:** NYC परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** निदेश, आंतर-सरकार मामले, मेडीसिस हेल्थ नेटवर्क

**शिक्षा:** अडेल्फी बिज़नेस स्कूल

**संगठनों से संबद्धता:** प्रमुख, NYC परिषद आग और संकट प्रबंधन समिति

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** सहायक आयुक्त, मेयर्स कम्युनिटी आसिस्टंस यूनिट, कर्मचारी का मुख्य, NYC परिषद

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## जोएन एरिओला (Joann Ariola)

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव

| | |
|---|---|
| **अपराध** | हालाँकि कई इलाकों में अपराध कम हुए हैं, बंदूक हिंसा और हिंसक अपराध अब भी बढ़ रहे हैं। मैं प्रशासन की गुनाह की रोकथाम की पहलों, NYPD और विफल जमानत सुधार उपायों के रद्दीकरण, जिसकी वजह से हिंसक अपराधी हमारी सड़कों पर रहे हैं, का समर्थन करती हूँ। |
| **महँगाई** | लोगों के लिए हमारे शहर और राज्य में रहना और घर खरीदना और अपने परिवार का गुज़ारा करना और भी मुश्किल होता जा रहा है। इसलिए मैंने स्थानीय आहार भंडारों का निधीयन और समर्थन किया है और मकान मालिकों के लिए टैक्स रीफंड के पक्ष में मतदान किया है। यह एक दशक से अधिक समय में पहला रीफंड था। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मेरा लोकतंत्र में विश्वास है और मैं उस लोकतंत्र, और NYC में रहने वाले लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए NYC परिषद की सदस्या बनी। |

## अपने मतपत्र की योजना बनाएं

**अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot पर जाएं**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 34

**डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़**

- जेनिफ़र गुतिरेज़ (Jennifer Gutierrez)

**मेडिकल फ्रीडम**

- मार्गारीट चेन्डलर (Marguerite Chandler)

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 61 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## जेनिफ़र गुतिरेज़ (Jennifer Gutierrez)

डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. यूनिवर्सल चाइल्ड केयर
2. किरायेदार सुरक्षा को मजबूत और विस्तारित करें
3. पर्यावरणीय न्याय

*"जेनिफर गुतिरेज़ एक आयोजक, ऐक्टिविस्ट और साथी है। एक दशक से अधिक समय से जेनिफ़र वह इस वक्त जिनका प्रतिनिधित्व करती हैं उन परिवारों को प्रभावित करने वाले मुद्दों में शामिल रही हैं। क्वीन्स में कोलम्बिया के प्रवासियों के घर जन्मी जेनिफर एक बेडरूम वाले अपार्टमेन्ट में बड़ी हुई और सार्वजनिक स्कूलों में पढ़ी। छोटी उम्र में जब उनके पिता दिव्यांग हो गए तब से वह एक अधिवक्ता रही हैं और बीमा कंपनियों से लड़ीं और अपनी माता के साथ दुभाषिया बनने और उनके वेतन के लिए सौदेबाज़ी करने के लिए सफाई के कामों पर जाती थी। पदावधि के दौरान वह किफायती हाउसिंग, स्कूल और डेकेयर को वित्तपोषित रखने, ब्रॉडबैंड समानता और पहुँच के लिए लड़ीं और हमारे समुदायों को जिनकी अत्यधिक ज़रूरत है उन सोशल सर्विस के बजट के कटौती के खिलाफ भी लड़ी हैं।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले का पेशा:** कर्मचारी का मुख्य

**शिक्षा:** अलबेनी स्थित यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** लागू नहीं होता

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** लागू नहीं होता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## मार्गारीट चेन्डलर (Marguerite Chandler)

मेडिकल फ्रीडम

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सेन्सरशिप, मुक्त वाचा
2. मेडिकल फ्रीडम
3. शहर का दिवाला निकल रहा है

***"मैं वर्तमान रुचि, इतिहास और अर्थशास्त्र के कई विषयों को खुद सीखी हूँ। हमें चारों तरफ से जानकारी की मूसलाधार बारिश की ज़रूरत है, ताकि नागरिक खुद अपने निर्णय ले पाएं। "बिना स्वप्न के, लोग नष्ट हो जाते हैं।" केवल मुक्त रूप से जानकारी के लेनदेन से ही उन्नति और नवोत्पाद हासिल किए जा सकते हैं।"***

**वर्तमान पेशा:** सेवा निवृत्त

**पहले के पेशे:** कुम्हार, लेखिका, को-हाउसिंग आयोजक

**शिक्षा:** यूनिवर्सिटी, कोई डिग्री नहीं U.C.L.A. U.C. सान्टा बार्बरा, विभिन्न कम्युनिटी कॉलेज और स्टेट यूनिवर्सिटी स्कूल कॉलेज ऑफ म्यूज़िक, मैरिन काउंटी, कैलिफ़ोर्निया

**संगठनों से संबद्धता:** ब्लॉकबुश एंटी-वॉर ग्रूप, बायोरीजनल कांग्रेस प्रतिनिधि क्लियरवॉटर के लिए हडसन रिवर स्लूप सिंग स्लूप क्लब बीकन NY।

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कोई नहीं

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों के वीडियो देखें

**हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | जेनिफ़र गुतिरेज़ (Jennifer Gutierrez) ✓<br>डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़ | मार्गारीट चेन्डलर (Marguerite Chandler)<br>मेडिकल फ्रीडम |
|---|---|---|
| **अपराध** | हमें अपने बच्चों के हाथों से बंदूकें हटाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, और उन सामुदायिक संसाधनों के लिए धन में वृद्धि करना है जिन्हें हम जानते हैं कि वह काम करेंगे: मानसिक स्वास्थ्य और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के लिए सेवाएं, सम्मानजनक हाउसिंग और स्कूलों में हिंसा की रोकथाम। | हमें जीवित, साँस लेते मानवों के रूप में साथ मिलकर काम करने की ज़रूरत है, ताकि सुनिश्चित किया जाए कि हमारे घर में और समुदाय में शांति के लिए उपयुक्त स्थितियाँ हैं; इसमें युवाओं के लिए पार्क और कार्यक्रम शामिल हैं। दोबारा हिंसक अपराध करने वालों को उनका मुकद्दमा चले तब तक जेल में रखा जाना चाहिए। |
| **महँगाई** | न्यू यॉर्क के निवासी प्रतिदिन हमारे शहर में गुज़ारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं; किराया आसमान छू रहे हैं और दूध और अंडे की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर है। अभी, हमें सरकार भर में मजबूत सामाजिक सेवा निवेश पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, ताकि उन परिवारों का समर्थन किया जा सके जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। | आर्थिक समस्याएं सरकारी नीतियों का परिणाम हैं। महँगाई बचत करने वालों से चुराती है। महँगाई के इस रुझान से शायद भूख की समस्या होगी, अभी है, उससे भी बड़ी। मैं चाहता हूँ कि लोग पर्माकल्चर किसानी के तरीकों का इस्तेमाल करते हुए शहर में खाद्य उगाएं। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मैं लंबे समय से "माई सिटी माई वोट" की हिमायती रही हूं, और मेरा मानना है कि प्रत्येक न्यू यॉर्क वासी, अप्रवासन स्थिति की परवाह किए बिना, हमारे शहर में अपना मत देना में सक्षम होना चाहिए। मैं समान दिन मतदाता पंजीकरण को लागू करने के लिए स्टेट पर जोर देना जारी रखूंगी। | मत बहुत महत्वपूर्ण है। कईयों ने मताधिकार पाने के लिए अपनी जान गँवाई है। यह बहुमूल्य है। जब मतपत्रों की गणना की जाती है, जो कि “ऑर्फ़न” हैं, यह गलती वाली मतदाता सूचियों की वजह से होता है; यह नागरिकों के मत को चुराती है, उसे कम ताकतवर कर देती है। मेरा मानना है कि केवल यूएसए के नागरिक ही मतदान कर पाने चाहिए |

# फ़ॉल 2023 के मतपत्र प्रस्ताव


**मतपत्र प्रस्ताव क्या होते हैं?**

**इस चुनाव में प्रस्ताव राज्य के संविधान में संशोधन के लिए हैं। इस फ़ॉल में मतपत्र पर दो राज्यव्यापी प्रस्ताव हैं।**

**आप इनमें से हरेक प्रस्ताव के लिए “हाँ” या “नहीं” वोट कर सकते हैं। अगर मतपत्र प्रस्तावों को बहुमति मत मिलें, तो उन्हें स्वीकृति दे दी जाती है।**

**ये प्रस्ताव मतपत्र पर क्यों हैं?**

न्यूयॉर्क राज्य विधान सभा राज्य व्यापी मतपत्र उपाय प्रस्तावित और पारित करती है, जिस पर न्यूयॉर्क निवासी मतदान करते हैं।



# मतपत्र प्रस्ताव 1

# छोटे सिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स को विशेष संवैधानिक ऋण मर्यादा से हटा देना

## मतपत्र पर आप क्या देखेंगे

संविधान के खंड 4, धारा 8 में प्रस्तावित संशोधन अभी छोटे शहरों के स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स पर डाली गई विशेष संवैधानिक ऋण मर्यादा को हटाता है, ताकि उनके साथ बाकी सभी स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स की तरह ही व्यवहार किया जाए। क्या प्रस्तावित सुधार को स्वीकृति दी जाए?

## प्रस्ताव का सार:

यह संवैधानिक सुधार छोटे शहरों के स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए ऋण की मर्यादा को हटा देता है। ऋण मर्यादाएं सभी स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए राज्य के कानून में निर्धारित की जाएंगी।

छोटे शहर का स्कूल डिस्ट्रिक्ट ऐसा डिस्ट्रिक्ट होता है जिसमें किसी छोटे शहर का कम से कम एक हिस्सा शामिल हो। छोटा शहर एक ऐसा शहर होता है जिसमें एक लाख पच्चीस हज़ार से कम लोग हों।

राज्य का संविधान इस बात पर सीमा लगाता है कि एक छोटे शहर का स्कूल डिस्ट्रिक्ट कितना ऋण ले सकता है। उनका ऋण डिस्ट्रिक्ट में कर लगाने लायक रियल एस्टेट के मूल्य के पाँच प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता है। कुछ खर्चों के लिए अपवाद हैं। अन्य स्कूल डिस्ट्रिक्ट एक संवैधानिक ऋण नियंत्रण के अधीन नहीं होते हैं, लेकिन उनके पास राज्य के कानून द्वारा प्रदान एक अन्य ऋण मर्यादा होती है। राज्य का कानून कहता है कि उनके ऋण कर लगाने लायक भौतिक संपत्ति के दस प्रतिशत से ज़्यादा नहीं हो सकते हैं। अगर यह संवैधानिक संशोधन पारित हो जाता है, तो छोटे शहर के स्कूल डिस्ट्रिक्ट अन्य स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स की तरह विधायी कार्य के माध्यम से लागू की गई ऋण सीमा के लिए पात्र हो जाएंगे।

## अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

छोटे स्कूल डिस्ट्रिक्ट राज्य के अन्य स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स की तरह ही कानून द्वारा पारित ऋण सीमा के लिए पात्र हो जाएंगे।

# मतपत्र प्रस्ताव 2

# सुएज प्रोजेक्ट ऋण को ऋण मर्यादा में शामिल न करने की अवधि को बढ़ाना

## मतपत्र पर आप क्या देखेंगे

संविधान के खंड 5 की धारा 8 में प्रस्तावित संशोधन दस सालों तक काउंटी, शहर, कसबों और गाँवों के सुएज सुविधा के निर्माण के लिए प्राप्त ऋण को उनकी संवैधानिक ऋण सीमा से हटाने का अधिकार दस सालों तक बढ़ाता है। क्या प्रस्तावित सुधार को स्वीकृति दी जाए?

## प्रस्ताव का सार:

संविधान काउंटियाँ, शहर, कसबे और गाँव जो ऋण ले सकते हैं उसको सीमित करता है। इस ऋण सीमा में सुएज के उपचार और निपटान के लिए निर्माण प्रोजेक्ट्स शामिल नहीं हैं। सीवर ऋण अपवाद की अंतिम तिथि 1 जनवरी 2024 है। यह संशोधन सीवर ऋण अपवाद को 10 और साल यानी कि 1 जनवरी 2034 तक बढ़ाता है।

प्रस्तावित संशोधन यह करने के लिए संविधान की धारा 8 के खंड 5 में परिवर्तन करता है।

## अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

सुएज के उपचार और निपटान की लागत को संविधान काउंटी, शहरों, कसबों और गाँवों को जो ऋण लेने देता है उसमें शामिल न करना 10 और सालों तक जारी रहेगा।

# NYC Votes के बारे में

**NYC Votes एक स्वतंत्र सिटी एजेंसी न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड, जो यह सुनिश्चित करती है कि स्थानीय चुनाव न्याय संगत, समावेशी और खुले हों, की एक पहल है।**

हम मतदाताओं और उम्मीदवारों दोनों की प्रतिभागिता को समान रूप से प्रोत्साहित करते हैं ताकि हमारे निर्वाचित अधिकारी हमारे विविधतापूर्ण समुदायों की ज़रूरतों और मतदाताओं को जिनकी परवाह है उन मुद्दों को संबोधित करें।

हम ऐसा जिनके मतदान करने की कम संभावना हो ऐसे न्यूयॉर्क निवासियों को सशक्त बना कर, पद के लिए लड़ने में अवरोधों को कम कर के और हमारी चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने के सुझाव प्रदान करके करते हैं। NYC Votes सामुदायिक संगठनों, स्वयंसेवकों और अन्य नगर एजेन्सियों के साथ शहर भर में मतदाताओं को रजिस्टर करने, शिक्षित करने और शामिल करने के लिए साझीदारी करते हैं। हमारे चुनाव कैसे काम करते हैं और वे क्यों मायने रखते हैं, इस बारे में एक ईमानदार बातचीत करके हम सभी न्यूयॉर्क वासियों के लिए चुनावी प्रक्रिया की बेहतर समझ बनाने का लक्ष्य रखते हैं।

1988 में स्थापित एजेन्सी न्यूयॉर्क निवासियों को अपने मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवारों और उनके अभियान का निधीयन कैसे हो रहा है इसके बारे में जानकारी से सुसज्जित करती है। हमारा मिलान निधि प्रोग्राम एक स्थानीय दाता से प्राप्त हर $1 का नगर के निधीयन से 8 तक से मिलान करता है, जिससे कि नगर के उम्मीदवारों को विशेष हितों के बजाए अपने समुदायों पर ध्यान केन्द्रित करने को प्रोत्साहन मिले।

## मिलान निधि प्रोग्राम

**जब आप उन उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं जो नगर के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे हों, तो नगर के उम्मीदवारों को आपका योगदान और भी दूर तक जाता है। हिस्सा ले रहे उम्मीदवारों को नगर के निवासियों से प्राप्त दान को $8-से-$1 का मिलान किया जा सकता है। इसका मतलब है कि जब आप $10 का योगदान देते हैं, तो उम्मीदवार को $90 मिलते हैं।**

यह प्रोग्राम यह सुनिश्चित करने में सहायता करता है कि अभियानों का वित्तपोषण न्यूयॉर्क निवासियों के कम राशि के दान से हो, ना कि खास हितों से। इसका मतलब यह भी है कि वास्तव में अमीर न हों, लेकिन जिन्हें समुदाय का ज़बर्दस्त समर्थन प्राप्त हो ऐसे उम्मीदवार चुनाव लड़ने का खर्च वहन कर सकते हैं, जिससे एक अधिक विविधतापूर्ण और प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार बनती है। न्यूयॉर्क शहर के 2021 के चुनाव में स्थानीय उम्मीदवारों में से 83% से अधिक ने कहा था कि मिलान निधि उनके पद के लिए चुनाव लड़ पाने की क्षमता की कुँजी थी।

**यहाँ योगदान करें**
**contribute.nycvotes.org**

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## सामान्य

### सामान्य चुनाव क्या है?

सामान्य चुनाव में विभिन्न पक्षों के उम्मीदवार निर्वाचित पद को जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। आप मतपत्र पर प्रत्येक पद के लिए किसी भी पार्टी से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के लिए वोट कर सकते हैं। आप मतपत्र प्रस्तावों पर "हाँ" या "नहीं" का मत भी दे सकते हैं। सभी मतदाता जो अंतिम तिथि तक रजिस्टर कर चुके हों, एक सामान्य चुनाव में मतदान करेन के लिए पात्र हैं।

### मैं कैसे जाँच सकता/सकती हूँ कि मैं मतदान के लिए रजिस्टर्ड हूँ या नहीं?

**voterlookup.elections.ny.gov** पर जाएं या NYC चुनाव बोर्ड को 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर कॉल करें या श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए टीटीवाय 212-487-5496।

### मैंने पिछली बार मतदान किया उसके बाद मैंने न्यूयॉर्क शहर में घर बदला हो तो क्या?

जब आप घर बदलें, तब आपको एक नया मतदाता पंजीकरण प्रपत्र सबमिट करके चुनाव बोर्ड के पास अपना पता बदल देना चाहिए। आपके पते में परिवर्तन की जानकारी चुनाव बोर्ड (Board of Elections) को 23 अक्तूबर तक मिल जानी चाहिए। 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर या श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए TTY 212-487-5496 पर कॉल करके जानें कि क्या आपके पते में परिवर्तन को संसाधित कर लिया गया है।

अगर आपका पता अद्यतन नहीं किया गया है, तो आप अपने नये पते को आवंटित मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र की माँग करके मतदान कर सकते हैं।

## डाक द्वारा मतदान

### अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र का अनुरोध करने के वैध कारण क्या हैं?

अगर आप चुनाव का दिन न्यूयॉर्क शहर से दूर हों, बीमार या शारीरिक रूप से अक्षम हों, बीमार या शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के मुख्य देखभाल करने वाले हों, वेटरन्स हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन हॉस्पिटल के निवासी या मरीज़ हों या आप कारावास में हों या मुकद्दमा चलने की राह देख रहे हों, तो आप एक अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र की माँग कर सकते हैं। आप अपने अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र अनुरोध फॉर्म पर अपना कारण अंकित कर सकते हैं।

### अगर मैं अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करूँ तब भी क्या मैं व्यक्तिगत रूप से वोट देने के योग्य?

अगर आपने अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की हो, तो आपको उससे मतदान करने की योजना बनानी चाहिए। जब तक मतदान चालू हो, आप किसी भी जनमत लेना पर अपना भरा हुआ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकते हैं। तथापि, अगर आप अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के बाद व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चुनें, तो आपको अपने मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र से मतदान करना होगा। यह मतपत्र अलग दिखेगा। अगर आपको मदद की ज़रूरत हो, तो मतदान कर्मी से माँगें।

### अगर मैं अपना मतपत्र डाक से भेज रहा/रही हूँ तो क्या मुझे डाक टिकट लगाने होंगे?

नहीं, आपको डाक टिकट लगाने की ज़रूररत नहीं है। हालाँकि यथाशीघ्र अपना मतपत्र डाक द्वारा वापस भेजना सुनिश्चित करें। इसे वैध होने के लिए चुनाव का दिन तक इस पर डाक का सिक्का पड़ जाना चाहिए और यह काउंटी बोर्ड को 14 नवंबर तक मिल जाना चाहिए।

### क्या मैं अपने मतदान स्थल पर अपना अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकता/सकती हूँ?

हाँ! जब तक मतदान चालू हो आप किसी भी NYC मतदान स्थल या चुनाव बोर्ड के पद में अपना भरा हुआ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकते हैं। मतपत्र बॉक्स फ्रंट डेस्क पर उपलब्ध होंगे। आपको डाक टिकट लगाने की ज़रूरत नहीं है।

### क्या मैं अपना मतपत्र लौटाने के बाद उसे ट्रैक कर सकता/सकती हूँ?

हाँ! **nycabsentee.com/tracking** पर जाएं।

### अगर मेरे अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र में कोई समस्या हो तो क्या? क्या मुझे उसे ठीक करने का मौका मिलेगा?

अगर आपके मतपत्र लिफाफे पर ठीक की जा सके ऐसी गलती हो, जैसे कि नामौजूद या गलत हस्ताक्षर, तो कानूनन चुनाव बोर्ड को आपको सूचित करना होगा। अगर आपके मतपत्र पर ठीक की जा सके ऐसी त्रुटि हो, तो वे गलती का पता चलने के 1 दिन के भीतर आप से डाक, ईमेल और फोन (अगर उपलब्ध हो) के द्वारा संपर्क करेंगे। आपके पास एक हस्ताक्षरित पुष्टि लौटा कर त्रुटि को ठीक करने के लिए 7 कार्य दिवस होंगे।

# और प्रश्न हैं?

hindi.nycvotes.org/faqs पर जाएं!

आप हमें nycvotes@nyccfb.info पर ईमेल भेज सकते हैं या फिर हमें Instagram, Twitter, Facebook, या Reddit (@nycvotes) पर मैसेज भेज सकते हैं।

## चुनाव बोर्ड के पास अपनी जानकारी अद्यतन करें

हमें आपका नाम और पता न्यूयॉर्क सिटी चुनाव बोर्ड द्वारा रखी जाने वाली पंजीकृत मतदाताओं की सूची से मिले।

अगर आपको यह मतदाता मार्गदर्शिका डाक में मिली, लेकिन आप वह व्यक्ति नहीं है जिसे यह भेजी गई थी, या अगर जिसे भेजी गई थी उस व्यक्ति ने घर बदल दिया है या उनकी मौत हो गई है, तो चुनाव बोर्ड को सूचित करें, ताकि वे अपने रिकॉर्ड सुधार लें।

## चुनाव बोर्ड से संपर्क करें

चुनाव बोर्ड हमारे चुनावों का संचालन करता है और रजिस्टर्ड मतदाताओं का डेटाबेस रखना, जनमत लेना स्थलों की देखरेख करना, मतपत्र मतगणना करना और चुनाव के परिणाम की रिपोर्ट करना इसका दायित्व है। आप न्यूयॉर्क शहर चुनाव बोर्ड के पास अपना मतदाता रजिस्ट्रेशन अपडेट कर सकते हैं, अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं, चुनाव कर्मी या अनुवादक बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं और भी बहुत कुछ कर सकते हैं।

## मतदाता मार्गदर्शिका के बारे में

NYC VOTES

कानून के द्वारा न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड को न्यूयॉर्क शहर में नगर के चुनावों के लिए रजिस्टर्ड वोटर वाले हरेक घर को एक मतदाता मार्गदर्शिका भेजना अनिवार्य है। हम हरेक रजिस्टर्ड मतदाता को यह मार्गदर्शिका अंग्रेज़ी और स्पेनिश में भेजते हैं और जनगणना के डेटा के आधार पर लक्षित इलाकों में स्थित मतदाताओं को अरेबिक, बंगाली, चीनी, फ्रेंच, हैतिअन क्रिओल, हिन्दी, कोरियाई, पोलिश, पंजाबी, रूसी और ऊर्दू में भी यह भेजते हैं।

इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। नवीनतम सूची के लिए, **nycvotes.org/hi** पर ऑनलाइन मार्गदर्शिका पर जाएं।

न्यूयॉर्क शहर 2023 सामान्य चुनाव मतदाता मार्गदर्शिका। कॉपीराइट © 2023 न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड सर्वाधिकार सुरक्षित डिज़ाइन करने वाले बेलवेदर एजेन्सी यूएसए में निर्मित

### प्रचालन के नियमित घंटे

सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे, सोमवार से शुक्रवार और चुनाव का दिन से पहले के वीकएंड पर और चुनाव का दिन। प्रचालन के घंटों के लिए **vote.nyc** जाँचें।

**866-VOTE-NYC** (TTY **212-487-5496** श्रवण बाधित लोगों के लिए)

**और जानने के लिए vote.nyc पर जाएं।**

| | पता | फोन नंबर |
|---|---|---|
| **सामान्य पद** | 32-42 Broadway, 7th Floor<br>New York, NY 10004 | 212-487-5400 |
| **ब्राँक्स** | 1780 Grand Concourse, 5th Floor<br>Bronx, NY 10457 | 718-299-9017 |
| **ब्रुकलिन** | 345 Adams Street, 4th Floor<br>Brooklyn, NY 11201 | 718-797-8800 |
| **मैनहेटन** | 200 Varick Street, 10th Floor<br>New York, NY 10014 | 212-886-2100 |
| **क्वीन्स** | 118-35 Queens Boulevard, 11th Floor<br>Forest Hills, NY 11375 | 718-730-6730 |
| **स्टेटन आईलैंड** | 1 Edgewater Plaza, 4th Floor<br>Staten Island, NY 10305 | 718-876-0079 |